तापमान

अधिकतम 27.4 डिग्री

न्यूनतम 11.8 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026



अशोकनगर स्थित अटल आवास कालोनी में बीच सड़क पर ट्यूबवेल खोदकर नल लगा दिया गया।



## खबर संक्षेप

### एडीशनल एसपी ग्रामीण मधुलिका ने लिया चार्ज



**बिलासपुर।** एडीशनल एसपी ग्रामीण मधुलिका सिंह ने सोमवार को चार्ज लिया है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों पुलिस मुख्यालय से उनका आईजी आफिस से तबादला किया गया था। वर्तमान में पदस्थ एडीशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा छुट्टी पर चल रही हैं। छुट्टी से लौटने के बाद कार्य विभाजन होने की संभावना जताई जा रही है। चार्ज लेने के बाद अधिकारियों ने श्रीमती सिंह का गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी।

### मकर संक्रांति पर कार्यक्रम आज

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन तुर्काडीह रोड लोखंडी में भगवान परशुराम मंदिर परिसर में मकर संक्रांति पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश संगठन सचिव पं. सुदेश दुबे साथी ने बताया कि गुरुवार की सुबह 10 बजे हवन पूजन भगवान परशुराम की महाआरती की जाएगी, जिसमें आदिशंकराचार्य एवं रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की आरती होगी। इस अवसर पर पं.अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी एवं पूर्व विधायक शैलेश पांडेय मौजूद रहेंगे। इसके उपरांत युवा प्रकोष्ठ द्वारा पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### जीवनदीप समिति की बैठक आज

**बिलासपुर।** राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी के जीवनदीप समिति की बैठक संभागायुक्त सुनील जैन की अध्यक्षता में 15 जनवरी की दोपहर 12 बजे से राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी के सभाकक्ष में होगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

### 11 पुलिसकर्मियों का किया गया तबादला

**बिलासपुर।** रेंज के 3 एएसआई, 3 प्रधान आरक्षकों सहित 11 पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है। 14 जनवरी को आईजी डॉ संजीव शुक्ला द्वारा जारी आदेश के अनुसार एएसआई ओमप्रकाश परिहार का कोरबा से बिलासपुर, जीवन सिंह का सारंगढ़ से जीपीएम, नीलाकर सेठ का सारंगढ़ से बिलासपुर, प्रधान आरक्षक निसार परवेज का जांजगीर से बिलासपुर, मनहरण सिंह मरावी का जीपीएम से कोरबा, दीपक मिश्रा का मुंगेली से बिलासपुर, आरक्षक ओमचन्द साहू का सारंगढ़ से रायगढ़, दिलीप तेन्दुवे का सारंगढ़ से जांजगीर, सत्येंद्र सिंह बंजारे का सारंगढ़ से सक्ती, महिला आरक्षक तारन मिरे का मुंगेली से बिलासपुर, मोहपाल साहू का सक्ती से जांजगीर जिला तबादला किया गया है।

### सेवानिवृत्त कर्मियों ने आंदोलन टाला

**बिलासपुर।** बिलासपुर में सेवानिवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ और एसईसीएल प्रबंधन के बीच हुई लंबी बैठक के बाद रिटायर कर्मचारियों की समस्याओं पर सकारात्मक पहल हुई। पेंशन की संशोधित प्रति समय पर नहीं मिलने और अस्पतालों में दवाओं की कमी जैसे मुद्दों पर प्रबंधन ने शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया है। प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि संशोधित पीपीओ अब सीधे कर्मियों के स्थायी पते पर भेजी जाएंगी। इन आश्वासनों के बाद संघ ने 20 जनवरी को प्रस्तावित धरना स्थगित कर दिया है। बैठक में शंकर प्रसाद कुंडु, बी.एस. शाही और योगेश बाबू कसेर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 150 करोड़ में जुड़ेंगी शहर की प्रमुख सड़कें, बेहतर कनेक्टिविटी मिलने का दावा

- अशोकनगर-बिरकोना वाली सड़क 17 करोड़ रुपए में बन रही है
- इंदिरा सेतु से रामसेतु तक के लिए 9.73 करोड़ रुपए का मिला आबंटन
- मंगला चौक से आजाद चौक तक सड़क निर्माण पर 5.08 करोड़ होंगे खर्च
- 10 करोड़ की लागत से अपोलो चौक से शनिचरी रपटा तक का काम जारी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

शहर की प्रमुख सड़कें अब एक दूसरे से जुड़ जाएंगी। नगर निगम ने इस बड़ी योजना पर काम शुरू करते हुए सड़कों का निर्माण भी शुरू कर दिया है। इस पर करीब 150 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें अशोकनगर-बिरकोना को 17 करोड़ रुपए में फोरलेन गौरवपथ बनाया जाएगा। यह सड़क बिरकोना होते हुए कोनी तक जाएगी। इसके साथ ही मंगला की सड़क बनकर धूरीपारा होते हुए सीधे कोनी तक पहुंचेगी। अपोलो से दयालबंद वाली सड़क भी बन रही है तो अपोलो से रपटा तक वाली सड़क का काम भी जारी है। इसके साथ ही अरपा के दोनों किनारों पर 100 करोड़ रुपए में बन रही सड़क का काम भी तेजी से जारी है। यह सड़क कुदूदण्ड से गोंड़पारा होते हुए शनिचरी तक जाएगी।

बिलासपुर की सड़कों का नवीनीकरण कर उनको विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत परियोजनाओं के लिए 60 करोड़ का प्रस्ताव है, जिसमें 31.82 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही दूसरे चरण में 3 किलोमीटर रोड का चौड़ीकरण कर इसे रतनपुर बाइपास रोड से जोड़ा जाएगा। अरपा किनारे इंदिरा सेतु से रामसेतु तक अटल पथ के निर्माण के लिए 9.73 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। मंगला चौक से आजाद चौक तक सड़क निर्माण पर 5.08 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।



### दयालबंद और शनिचरी की सड़क हो रही चौड़ी

अगले एक महीने में मतलब कि 30 जनवरी तक अपोलो चौक से मानसी लाज तक प्रथम चरण के सड़क निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। इसका काम तेजी से जारी है। ध्यान रहे कि 10 करोड़ की लागत से अपोलो चौक से शनिचरी रपटा तक तीन हिस्सों में नाली और सड़क निर्माण किया जा रहा है, जिसमें अपोलो चौक से मानसी लाज तक आधे से अधिक के कार्य पूरा हो चुका है। इसके बाद मानसी लाज से अमरैय्या चौक तक अतिक्रमण को हटाने के बाद पेड़ शिफ्टिंग किया गया है और अभी नाली निर्माण जारी है। इसके साथ ही गुरूनानक चौक से राजकिशोर नगर तिराहा तक नाला निर्माण और डामरीकरण जारी है। इसके साथ ही अपोलो चौक से दयालबंद तक 80 फीट चौड़ी सड़क बनेगी। दोनों तरफ 1.5-1.5 मीटर के पक्के शोल्डर (किनारे) होंगे।



### मंगला वालों को घंटों जाम, संकरी सड़क से छुटकारा

मंगला क्षेत्र जाने के लिए मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का रास्ता अब साफ हो गया। इसमें बाधा बन रहे 46 लोगों के अतिक्रमण को नगर निगम ने हटा दिया है। मंगला के आगे भैंसाझार तक सडक निर्माण पूरा हो चुका है केवल मंगला बस्ती के अंदर डेढ़ किलोमीटर का अतिक्रमण की वजह से बचा हुआ है। यह सड़क पांच करोड़ में बनेगी। इसमें निगम 80 फीट चौड़ी सडक के साथ फूटपाथ और नाली भी बनाएगी,जिससे यातायात भी सुगम होगा और पानी का भराव भी नहीं होगा। ध्यान रहे कि मंगला जाने के लिए रास्ते में पडने वाले आजाद चौक में घंटो जाम लगता है,संकरी सडक और चौराहा होने की वजह से चारों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग जाती है। खासकर शाम के वक्त तो इस रास्ते से गुजरना जंग जीतने के सामान होता है।

### छात्रों के साथ 50 हजार लोगों को होगा फायदा

अशोकनगर-बिरकोना सड़क को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2.1 किलोमीटर फोरलेन रोड, डिवाइडर और नाली का निर्माण होगा। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। इसके पहले महाराणा चौक से मंगला चौक तक रिंग रोड 2 को गौरवपथ नाम दिया गया है। दूसरे चरण में 3 किलोमीटर रोड का चौड़ीकरण कर इसे रतनपुर बाईपास रोड से जोड़ा जाएगा। इस नई सड़क से करीब 50 हजार से अधिक लोगों को फायदा होगा। अशोकनगर और बिरकोना के निवासियों को कोनी, कोनी थाना, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, ओपन यूनिवर्सिटी और इंजीनियरिंग कॉलेज तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

### बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी

शहर की प्रमुख सड़कें अब एक दूसरे से जुड़ जाएंगी। नगर निगम ने इस बड़ी योजना पर काम शुरू करते हुए सड़कों का निर्माण भी शुरू कर दिया है। इससे बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

- **प्रकाश कुमार सर्वे,** निगम आयुक्त

## टेंट का सामान लेकर बिलासपुर से तातापानी जा रहे थे युवक

# तेज रफ्तार कार 40 फीट गहरी खाई में गिरी, दो युवक जिंदा जले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/कोरबा

एक ईको वाहन में टेंट का सामान लेकर बिलासपुर से दो युवक देर रात को विश्रामपुर तातापानी के लिए रवाना हुए थे कि तड़के वाहन अनियंत्रित हो गई और लगभग 40 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के होते ही एक वाहन में आग लग गई। वाहन में सवार दोनों युवक जलकर राख हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम व दमकल की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया गया। कार में लगी आग इतनी तेज थी कि कार में सवार दोनों युवक जलकर राख हो चुकी थी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर तोरवा निवासी गोपाल चंद्र डे 42 वर्ष पिता मानिक चंद्र डे एवं देवरीखुर्द तोरवा निवासी अरुण सेन 36 वर्ष पिता बनारसी लाल सेन मंगलवार की रात लगभग 11 बजे अपने ईको वाहन क्रमांक सीजी 10 बीएफ 1673 में सवार होकर टेंट का सामान व रुम हीटर लेकर बिलासपुर से विश्रामपुर स्थित तातापानी महोत्सव में शामिल होने के लिए निकले थे। इसी दौरान सुबह लगभग 4.30 बजे मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर फॉरेस्ट बेरियर के समीप पहुंचे थे कि उनकी तेज रफ्तार ईको वाहन सीधे 40 फीट नीचे खाई में जा गिरी और वाहन में आग लग गई। जब तक पुलिस को हादसे की सूचना मिली और दमकल की टीम मौके पर पहुंची तब तक दोनों युवक पूरी तरह से जल चुका था। घटना की सूचना मिलते ही मोरगा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा और वैधानिक कार्यवाही कर जांच शुरु कर दी है।



मृतक





### दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

मृतक गोपाल डे की पत्नी प्रीति डे बताया कि मंगलवार की रात 11 बजे किसी काम को लेकर उनका मोबाइल से पति गोपाल डे से बातचीत हुई थी। उसके बाद वे बुकिंग के माध्यम से विश्रामपुर के लिए रवाना हुए थे। दीप लाइट के हीटर कुल 10 पीस सामान लेकर निकले थे। उसके बाद वह बच्चों के साथ सो गई। बुधवार की सुबह 6 बजे उन्हें मोबाइल से कार सहित पति के जल जाने की दर्दनाक सूचना मिली। मृतक की दो बेटी श्रेया डे व श्वेता डे है। उनकी मृत्यु से दोनों मासूम बच्ची के सिर से पिता साया उठ गया है और दोनो मृतकों के घरों में मातम छा गया है।



### चार लोगों की हो चुकी है मौत

कटघोरा अंबिकापुर मुख्यमार्ग ऐसे भी हादसों के नाम से जाना जाता है। इस मार्ग में अक्सर बड़े हादसे होते हैं, जिसमें कई लोगों की मौत हो चुकी है। बताया जाता है कि बुधवार की तड़के मदनपुर फॉरेस्ट बैरियर के समीप हादसे में जिस स्थल पर दो युवकों की मौत हुई है। उसी स्थल पर वर्ष 2023 में एक पुलिसकर्मी और उसके परिवार इसी तरह के सड़क हादसे का शिकार हुए थे। इस हादसे में कुल चार लोगों की मौत हुई थी। बताया जाता है कि जिस स्थान पर हादसा हुआ है वह स्थल नाले के समीप है और वहां की सड़क अनबैलेंस है जिसकी वजह से जैसे ही लोग हाईवे पर रफ्तार पकड़ते हैं और वहां पहुंचते ही वहां गाड़ी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार होते हैं। जिला प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सड़क को सुधारने की दिशा पर विशेष पहल करनी चाहिए।

# स्कूल से दरवाजा, खिड़की, ग्रिल, उखाड़कर ले गए, पूर्व सरपंच पति, प्राचार्य पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेलतरा स्थित शासकीय हाई स्कूल के नव निर्मित भवन से कीमती सामान उखाड़कर ले जाने के मामले में पुलिस ने पूर्व सरपंच पति और तत्कालीन प्राचार्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। रतनपुर पुलिस ने जिला शिक्षा अधिकारी की शिकायत पर सरपंच पति रामरतन कौशिक और तत्कालीन प्राचार्य कावेरी यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 427, 34 भारतीय दंड संहिता तथा लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ध्यान रहे कि हरिभूमि ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा की गई शिकायत के मुताबिक 28 जुलाई 2025 को शासकीय हाई स्कूल बेलतरा के नए भवन से दरवाजा, खिड़की, ग्रील, रोशनदान, चैनल गेट और फर्श के पत्थर सहित अन्य सामग्री को बिना किसी शासकीय आदेश और सूचना के उखाड़कर निकाल लिया गया। इस दौरान भवन को भी नुकसान पहुंचा है। निकाली गई सामग्री की अनुमानित कीमत करीब दो लाख 87 हजार रुपए बताई गई है।

जांच में यह भी सामने आया है कि उक्त सामग्री का दूसरी जगह पर उपयोग किया गया, जिससे सरकारी संपत्ति को सीधा नुकसान हुआ। मामले की जांच में पूर्व बेलतरा सरपंच पति रामरतन कौशिक और तत्कालीन हाई स्कूल प्राचार्य कावेरी यादव की भूमिका सामने आई है। जांच रिपोर्ट में उल्लेख है कि दोनों ने आपसी सहमति से शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। शिक्षा विभाग की ओर से कुल 74 पन्नों की शिकायत की गई है। इससे पहले प्राचार्य को सस्पेंड कर दिया गया है।



दो साल में जर्जर हो गया 65 लाख में बना स्कूल भवन

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

- जांच रिपोर्ट समते सभी दस्तावेज और फोटो पुलिस को सौंपे गए
- हरिभूमि ने इस मामले को लगातार प्रमुखता से उठाया था

### मंत्रालय की टीम ने की पूरी जांच

दरअसल 65 लाख रुपए खर्च कर बेलतरा में बनाए गए शासकीय हाईस्कूल से खिड़की, दरवाजे, चैनल गेट और टाइल्स समेत लाखों रुपए का सामान उखाड़ लिया गया है। इस मामले में शिकायत हुई तो लोक शिक्षण संचालनालय की टीम जांच के लिए पहुंची। गांव के सरपंच पति ने आनन फानन में कबाड़ जमा कर दिया और इसका ही पंचनामा बना दिया गया। अधिकारियों ने जो जांच रिपोर्ट सौंपी है उसमें भी मौके से कबाड़ मिलने का उल्लेख मिला।इसके बाद प्रभारी प्राचार्य कावेरी यादव को सस्पेंड कर दिया गया। इसके बाद डीपीआई ने सरपंच और दूसरे आरोपियों पर एफआईआर कराने के निर्देश दिए थे। डीपीआई के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने पुलिस को सभी दस्तावेज सौंपा।

### प्रभारी प्राचार्य सस्पेंड

जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रभारी प्राचार्य को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले में डीपीआई की टीम जांच करने पहुंची थी। अब डीपीआई की जांच रिपोर्ट के आधार पर सरपंच पति और दूसरे आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

- **विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

### जांच रिपोर्ट में सभी की भूमिका संदिग्ध

जांच करने पहुंची मंत्रालय के अधिकारियों की टीम ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि इस प्रकरण में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि उक्त भवन में लगे लोहे के दरवाजे खिडकियां, ग्रिल, रैलिंग, रोशनदान एवं फर्श में लगे पत्थर निकाले गए। यह भी बड़ी बात है कि इन सब सामानों को निकालकर ले जाने में कई दिन या महीनों लगे होगें परन्तु संस्था की प्राचार्य एवं शाला प्रबंधन समिति द्वारा चोरी की शिकायत तक थाने में नहीं की गई और ना ही इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। जांच रिपोर्ट में सभी की भूमिका संदिग्ध मानी गई। साथ ही प्राचार्य एवं शाला प्रबंध एवं विकास समिति को इसके लिए जिम्मेदार माना गया।

## जिलाध्यक्ष के लिए की थी लक्ष्मीनाथ समेत गीताजंलि व राजेन्द्र ने दावेदारी

# बदले गए कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष, 15 में 3 पुराने, 12 नए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस ने नए ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बुधवार को ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति लिस्ट जारी कर दी। इसमें बिलासपुर शहर के 4 व ग्रामीण के 11 मिलाकर कुल 15 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है, जिसमें लक्ष्मीनाथ साहू, राजेन्द्र धीवर और गीताजंलि कौशिक तीन ब्लॉक अध्यक्ष रिपीट हुए हैं और 12 नए ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए हैं।

- अब फिर ब्लाक अध्यक्ष बनाए गए

कांग्रेस में नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति का इंतजार करीब पिछले चार महिने से किया जा रहा था और इस बीच नए शहर अध्यक्ष समेत नए जिला ग्रामीण अध्यक्षों की नियुक्ति भी हो गई थी। इसलिए ब्लॉक अध्यक्ष पद के दावेदारों को नियुक्ति लिस्ट जारी होने का बेसब्री से इंतजार था। बुधवार को कांग्रेस के नए ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है। बिलासपुर जिले में बिल्हा ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती गीताजंलि कौशिक, तिफरा नगर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू और सीपत ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र धीवर को दूसरी बार ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। इन तीनों ब्लॉक अध्यक्षों ने संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्ष पद के लिए भी दावेदारी की थी, किन्तु उन्हें दुबारा ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा 12 ब्लॉकों में ब्लॉक अध्यक्षों को बदला गया है। उनकी जगह पर नए अध्यक्ष बनाए गए हैं।



संतोष गर्ग



अभ्युदय तिवारी



शैलेन्द्र निर्मलकर



अमित साहू

इनमें शहर के ब्लॉक 1 में संतोष गर्ग, ब्लॉक 2 में तजम्मुल हक, ब्लॉक 3 में हितेश देवांगन, ब्लॉक 4 में साकेत मिश्रा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बिल्हा में गीताजंलि कौशिक, मस्तूरी में भोलाराम साहू, कोटा में अरूण त्रिवेदी, तखतपुर में अभ्युदय तिवारी, सीपत में राजेन्द्र धीवर, बेलगहना में अश्वनी कुमार, रतनपुर में प्रभजंन बसवाडे, तिफरा नगर में लक्ष्मीनाथ साहू, रतनपुर नगर में सुभाष अग्रवाल, तखतपुर नगर में शैलेन्द्र निर्मलकर और सकरी में अमित साहू को नए ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### एआईसीसी के एप्रूवल बाद हुई नियुक्ति

कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान तहत ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए तीन पहले सितंबर महिने में रायशुमारी और दावेदारी की प्रक्रिया हुई थी, जबकि शहर अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष ग्रामीण पद के लिए उसके बाद अक्टूबर माह में पर्यवेक्षक रायशुमारी करने आए थे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष पदों पर नई नियुक्ति पिछले माह ही हो गई थी, जबकि ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति अटकी हुई थी। ब्लॉक अध्यक्ष के लिए पर्यवेक्षक संगठन की ओर से भेजे गए थे। पर्यवेक्षक द्वारा बंद कमरे में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं सहित दावेदारों से रायशुमारी की थी और कई दावेदारों ने अपना बायोडाटा, आवेदन भी जमा किया था।

# जमीन बेचने का झांसा देकर बिल्डर से 64 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमीन बेचने का झांसा देकर बिल्डर से 64 लाख रुपए की ठगी करने वाले कांग्रेस नेता सहित तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, गोंड़पारा निवासी पंकज भोजवानी पिता मोहन भोजवानी ने रिपोर्ट लिखवाई। वे पीएम कंट्रक्शन के भागीदार हैं और जमीन खरीदकर मकान बनाने का काम करते हैं। इसी कार्य के दौरान वर्ष 2023 में कांग्रेस नेता टाकेश्वर पाटले के माध्यम से लालखदान निवासी नागेन्द्र राय से हुई थी। दोनों ने उन्हें श्रीकांत वर्मा मार्ग में जमीन दिखाई और जमीन मालिक बोदरी निवासी हनजिन्दर कौर उसके पति ज्ञान सिंह के घर लेकर मिलाया। उस दौरान ज्ञान सिंह ने बताया उनकी पत्नी के नाम पर जूना बिलासपुर में जमीन है, जिसका सीमांकन होना शेष है। उनके बीच उक्त जमीन का सौदा 3 करोड़ रुपए में तय हुआ। उन्होंने अलग अलग समय में तीनों को 64 लाख रुपए दे दिया। उसके बाद तीनों जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए घुमाने लगे। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि जमीन मालिक ने उक्त जमीन को बेचने के लिए दूसरे से 50 लाख रुपए ले लिया है। वे रजिस्ट्री कराने के लिए कहते तो हर बार उन्हें घुमा दिया जाता था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर जमीन मालिक ज्ञान सिंह, कांग्रेस नेता टाकेश्वर पाटले, गुण्डा बदमाश नागेन्द्र राय के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

- कांग्रेस नेता सहित तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज





### मस्तूरी गोलीकांड में फरार

पूर्व में मस्तूरी में जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह एवं उनके रिश्तेदारों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या करने की कोशिश की गई थी। उक्त मामले में षड़यंत्रकारी कांग्रेस नेता टाकेश्वर पाटले व नागेन्द्र राय फरार चल रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राम्हण समाज का संक्रांति महोत्सव आज

**बिलासपुर।** विप्र युवा मंच खारंग परिक्षेत्र के तत्वावधान में 15 जनवरी गुरुवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण समाज का भव्य स्नेह सम्मेलन,सामाजिक परिचर्चा एवं भोजन प्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अशोक नगर स्थित अशोक वाटिका में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में समाज की एकजुटता और संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए हरीश शर्मा, ब्रजेश शास्त्री, आलोक रंजन पाण्डेय, सृजन शर्मा, प्रदीप पाण्डेय ने बताया कि आयोजन विक्रम संवत 2082, माघ कृष्ण पक्ष द्वादशी गुरुवार की शााम 5 बजे होगा, जिसमें क्षेत्र के विप्र समाज शामिल होंगे। आयोजन में खारंग परिक्षेत्र के बिलासपुर, सरकंडा, बिरकोना, बैमा, नगोई, डंगनिया, खैरा, उरतुम, कोनी, सेमरताल, सेंदरी, गतौरी, सेमरताल, जलसो, भरारी, चुमकवां, मोहतराई, सिंघरी, लखराम, अकलतरी, बाम्हू सहित पूरे क्षेत्र के सरयूपारीण ब्राह्मण समाज शामिल होंगे। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों के बीच आपसी सामंजस्य को बढ़ाना और त्यौहार की खुशियां साझा करना है। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्नेह सम्मेलन सामाजिक परिचर्चा के तहत वर्तमान परिदृश्य में छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की भूमिका और उसका भविष्य के साथ-साथ भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। विप्र युवा मंच ने समस्त स्वजातीय बंधुओं से पारंपरिक पोशाक में सपरिवार इस गरिमामय आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है।

### महर्षि विद्यालय में आयोजित किया गया ज्ञान युग दिवस समारोह



**बिलासपुर।** महर्षि विद्यालय मंगला में महर्षि महेश योगी का जन्मदिन हर वर्ष 12 जनवरी को ज्ञान युग दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस वर्ष 11 एव 12 जनवरी को भव्य अखंड मानस पाठ का आयोजन सजीव झांकियों के साथ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रमोद नायक पूर्व अधिकारी जिला सहकारी बैंक, विशिष्ट अतिथि विरेन्द्र गहवई पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष, सिद्धांशु मिश्रा थे। इन सजीव झांकियो में शाला के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अभिभावकों का मन मोह लिया। मानस पाठ चैतमा पाली से आए कलाकारों ने एवं शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं ने किया। दोनो दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। शाला की प्राचार्या श्रीमती रीना सिंह ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों से अनुरोध किया कि हमें महर्षि के पृथ्वी पर राम राज्य की कल्पना को साकार करने का संकल्प लेना चाहिए जो भावातीत ध्यान और सिद्धी के अभ्यास से संभव है।

### स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श महाविद्यालय में मनी विवेकानंद जयंती



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 12 जनवरी को डॉ यू के श्रीवास्तव प्राचार्य के मार्गदर्शन में एवं प्राध्यापक डॉ आर के सचदेव के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो एल के गवेल ने कहा कि हम स्वामी विवेकानंद के शाश्वत विचारों से प्रेरित होकर जागृत मन से अपने उद्देश्यपूर्ण कार्यों को दुनिया पर प्रभाव दिखाने के लिए कार्य करना चाहिए। प्रो बी के त्रिपाठी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के ध्येय वाक्य उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए के बारे में बताया। डॉ. प्रेमलता वर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से छात्रो को प्रेरित किया। कार्यक्रम में निधि विश्वकर्मा और युवराज सिंह, डॉ श्वेता श्रीवास, डॉ रामेश्वरी बंजारा आदि मौजूद थे।

### पतंगबाजी करते रेल लाइन और ओएचई के पास न जाएं बच्चे

**बिलासपुर।** रेल लाइन और ओएचई पर लटके पतंग को निकालने के दौरान करंट से चिपककर और ट्रेन की टक्कर से मौत का खतरा हो सकता है, जिससे लोगों की जान भी जा सकती है। इससे बचने के लिए रेल प्रशासन ने लोगों को पतंगबाजी करते समय रेल लाइन और ओएचई से दूर रहने का अनुरोध किया है। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के साथ ही पतंगबाजी भी शुरु हो जाती है। शहर के साथ ग्रामीण एरिया में कटी पतंग को लेने की होड़ सबसे अधिक बच्चों में अधिक रहती है, जिसके कारण कई बार लूटपाट के चक्कर में पतंग फट भी जाती है। वहीं रेल लाइन के आसपास खाली जगह में पतंगबाजी करने में लोगों को सबसे अधिक मजा आता है, जिसके कारण ओएचई में फंसी पतंग निकालने और लेने के चक्कर में लोग अपनी जान से खिलवाड़ करते हैं। रेलवे के अनुसार बिलासपुर मंडल के अंतर्गत शत प्रतिशत रेल परिचालन 25 हजार वोल्ट की हाई वोल्टेज विद्युत ओवरहेड तारों के माध्यम से किया जाता है। इन विद्युत तारों में 24 घंटे निरंतर विद्युत प्रवाह बना रहता है, जिससे किसी भी प्रकार की असावधानी जानलेवा साबित हो सकती है। रेल अफसरों का कहना है कि यदि पतंग का मांझा विशेषकर गीला, धातुयक्त अथवा सिंथेटिक मांझा इन हाईवोल्टेज विद्युत तारों में उलझता है तो विद्युत करंट सीधे पतंग उड़ाने वाले व्यक्ति तक पहुंच सकता है।

# गोंड़पारा के पं मुन्नूलाल शुक्ला स्कूल मैदान में शिफ्ट होगा बृहस्पति बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बृहस्पति बाजार के सब्जी व्यापारियों को गोंड़पारा में पं मुन्नूलाल शुक्ला स्कूल मैदान में शिफ्ट किया जा रहा है। निगम ने नोटिस भी जारी कर दिया है। इसके बाद से व्यापारियों में हड़कंप और आक्रोश दोनों हैं। व्यापारियों का कहना है कि यहां कोई व्यवस्था किए बिना ही निगम ने यह फरमान जारी कर दिया है। ना तो वहां चबूतरे बनाए गए हैं और ना ही शेड है।

सुरक्षा और बाउंड्री भी नहीं है। धूल इतनी ज्यादा है कि सब्जियां खराब हो जाएंगी। इसे खरीदने वाला कोई नहीं रहेगा और छोटे व्यापारियों के सामने आजीविका का संकट आ जाएगा। व्यापारियों ने सीधा सवाल भी किया है कि इस बात की क्या गारंटी है कि हटाए जाने के बाद सभी सब्जी व्यापारियों को फिर से उसी जगह पर स्थान दिया जाएगा। शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना चल रही है। इसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति के साथ डीएमएफ से 14 करोड़ रुपए की राशि भी मिल गई है। निगम अधिकारी ही मान रहें हैं कि बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने में कम से कम एक साल का समय लग सकता है। इसलिए ही गोंडपारा में इन्हें शिफ्ट करते हुए काम किया जाएगा। व्यापारियों को शेड, चबूतरा, पार्किंग सारी व्यवस्थाएं बनाकर दी जाएंगी।



### पूरी व्यवस्था की जाएगी

पुर्नविकास और कायाकल्प के तहत नए बाजार में ग्राउंड फ्लोर में 242 बड़े आकार के चबूतरे बनाएं जाने हैं जो कि 7 बाई 10 के आकार का रहेगा। प्रत्येक चबूतरे के नीचे स्टोरेज के लिए दरवाजे की सुविधा के साथ स्थान भी था। इसके साथ ही भवन के बेसमेंट में 50 कार और 170 बाइकों के लिए पार्किंग बननी थी। आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम की भी योजना है। व्यापारियों को बेहतर जगह देंगे। नई जगह पर पूरी व्यवस्था की जाएगी।

\- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### 450 चबूतरे और 32 गोदामनुमा दुकानें

गौरतलब है कि मौजूदा स्थिति में बृहस्पति बाजार में 450 चबूतरे और 30 से ज्यादा गोदामनुमा दुकानें हैं लेकिन, चिल्हर में सब्जी बेचने वालों की संख्या 600 से ज्यादा है।ऐसे में इन्हें बाजार के बाहर सड़क किनारे अस्थायी सब्जी दुकान लगानी पड़ती है। इसी तरह ऐसे भी सब्जी बेचने वाले हैं, जिन्हें दुकान लगाने के लिए जगह तक नहीं मिल पाती। ऐसे में इन्हें फेरी लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सब्जी खरीदने पहुंचने वालों को भी अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। इस तरह की दिक्कतों को देखते हुए ही डीएमएफ फंड से मल्टी लेवल सब्जी बाजार निर्माण का निर्णय लिया गया था।

### 217 व्यापारियों ने पेश किया दस्तावेज

ध्यान रहे कि निगम ने यहां के व्यापारियों को नोटिस देते हुए दस्तावेज जमा करने कहा है। निगम की ओर से कहा गया था कि बाजार स्थल पर एक नया प्रोजेक्ट लाया जा रहा है ताकि पात्र चबूतरा लाइसेंस धारकों, सब्जी विक्रेताओं को बेहतर जगह मिल सके। अधिकारियों के मुताबिक इस उद्देश्य से, एक नया कॉम्प्लेक्स, मार्केट कॉरिडोर का अनुमोदन हो चुका है। इसी प्रस्तावित योजना के अंतर्गत, दस्तावेजों की जांच, पात्रता निर्धारण के अनुरूप, वर्तमान में वैध रूप से कार्य कर रहे चबूतरा लाइसेंसी / सब्जी विक्रेताओं के पुनर्स्थापन की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। निगम ने सब्जी व्यापारियों से चबूतरा लाइसेंस, अनुमति पत्र, पहचान पत्र, शुल्क, लाइसेंस फीस, जमा रसीदें, किसी पूर्व आवंटन, नवीनीकरण आदेश के दस्तावेज पेश करने कहा था। इसके बाद 217 व्यापारियों ने दस्तावेज पेश किया है।

**निगम शेड, पार्किंग और दूसरी व्यवस्थाएं कर रहा**

**31 दुकानें और 400 से अधिक कारीगरों की आजीविका फूलों के इस व्यवसाय से जुड़ी**

**शहर के बीच गुमटी बनाकर स्थायी तौर पर देने की मांग, बार- बार हटाना सही नहीं**

# ईदगाह चौक पर 25 सालों से चल रहा फूल बाजार व्यापार विहार में होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के ईदगाह चौक पर पिछले 25 सालों से चल रहे फूल बाजार को व्यापार विहार में शिफ्ट किया जा रहा है। पांच साल पहले जहां पौनी पसारी योजना के तहत 26 लाख में सब्जी बाजार स्थापित किया गया था, वह वीरान हो गया है। फूल बाजार यहीं लगाया जाएगा।

निगम इसके लिए शेड, पार्किंग और दूसरी व्यवस्था कर रहा है। इधर व्यापारियों का कहना है कि यहां की 31 दुकानें और 400 से अधिक कारीगरों की आजीविका फूलों के इस व्यवसाय से जुड़ी है। यदि सुविधाओं के साथ नया बाजार मिलता है, तो वे शिफ्ट होने के लिए तैयार हैं। व्यापारियों के मुताबिक कोई भी जगह जो कि शहर के बीच में हो वहां गुमटी बनाकर स्थायी तौर पर दे दी जाए तो वे लोग जाने को तैयार हैं। इस तरह से बार-बार हटाना सही नहीं है।

ध्यान रहे कि शहर में फूलों का व्यवसाय शहर में तेजी बढ़ा है। खास तौर पर जेल चौक की 30 से अधिक दुकानों में सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक रौनकता रहती है। ग्राहकों को उनके मनपसंद फूलों के साथ- साथ बेलपान, दुबी के धतुरा व बेल फल भी उपलब्ध हो जाते हैं। इतना ही नहीं मोंगरा, मदार से गेंदे के फूल का हार भी मिल जाता है। यहां के लेकिन छोटे व्यापारियों को लेकिन फिर से दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जा रहा है।



### सुविधाजनक और व्यवस्थित तो हटने को तैयार

फूल व्यापारी राजकुमार यादव ने बताया कि यह मार्केट 25 साल पुराना है और यहां फूलों की 31 दुकानें हैं। इस जगह से हमें काफी ज्यादा लगाव हो गया है, क्योंकि वर्षों से हमारे ग्राहक इन्हीं स्थानों पर आकर खुशी-खुशी फूल खरीदकर ले जाते हैं। इसलिए इस जगह से दूर नहीं होना चाहते हैं, लेकिन प्रशासन का सहयोग करना भी जरूरी है। संघ के अध्यक्ष रॉकी सैनी और अन्य व्यापारियों ने निगम से व्यवस्थित दुकानें, पार्किंग और सामुदायिक शौचालय जैसी सुविधाओं की मांग की है। उनका कहना है कि पार्किंग की कमी के कारण जाम की समस्या होती है। दूल्हा गाड़ी और ग्राहकों की गाड़ियां सड़क पर खड़ी रहती है। फूल बाजार में काम करने वाले 400 से अधिक कारीगर और श्रमिक अपनी आजीविका इसी व्यवसाय से चलाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि नया बाजार सुविधाजनक और व्यवस्थित होगा, तो वे निगम द्वारा तय शुल्क देने के लिए भी तैयार हैं. पुरानी दुकानों की स्थिति जर्जर हो चुकी है, इसलिए नई और व्यवस्थित दुकानों की मांग भी उठाई गई है।

### निगम स्थायी व्यवस्था नहीं कर पा रहा

गौरतलब है कि जेल चौक में फुल बाजार 2001 से लगना शुरू हुआ है। इससे पहले गोलबाजार चौक में यह बाजार लगता था। बढ़ते भीड़ को देखते हुए निगम ने बाद में इसे मिशन अस्पताल के पीछे जेल चौक वाले रास्ते में शिफ्ट करने का फैसला लिया था। तब से लेकर इस जगह पर 31 व्यापारी लगातार अपनी दुकानें लगाते हैं। यहां कारोबार करने वाले राशि माली, विजय साहू और रतन कश्यप ने बताया कि निगम कोई भी स्थायी व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। जेल चौक में दुकानें स्थापित हो गईं हैं और शहर ही नहीं आसपास के लोग यहां फुल, माला लेने पहुंचते है।

### हर संभव सुविधा दिलाई जाएगी

रिवर व्यू में फूल बाजार लगाए जाने की योजना थी, लेकिन यहां दिन भर गाड़ियों की आवाजाही रहती है, इसलिए व्यापार विहार में जहां पौनी पसारी योजना के तहत सब्जी व्यापार स्थापित किया गया था, वहां फूल बाजार को शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। यहां पार्किंग के साथ ही दूसरी व्यवस्थाएं बेहतर हैं। निगम व्यापारियों को हरसंभव सुविधा दिलाने के लिए प्रयासरत है।

\- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त नगर निगम

# अपराधियों पर सख्ती, पीड़ितों को त्वरित न्याय दें: आईजी



**बिलासपुर।** पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा 14 जनवरी को रेंज अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, पुलिस अधीक्षकों की वर्ष 2026 की प्रथम अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

पुलिस महानिरीक्षक डॉ. शुक्ला ने रेंज के जिलों के कार्यों की क्रमवार समीक्षा की। वर्ष 2025 में पूर्व वर्षों की तुलना में रेंज में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, नकबजनी, चोरी, महिला एवं बच्चों के विरूद्ध अपराध में कमी आई है। अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, अपराधों में कमी तथा त्वरित विधिक निराकरण हेतु सभी पुलिस अधीक्षकों की सराहना की गई। साथ ही वर्ष 2026 के लिए अपराध, गुम इंसान, मर्ग, शिकायतें, विभागीय जाँच एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर मासिक समीक्षा के आधार पर परिणाममूलक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डॉ. शुक्ला ने स्पष्ट किया कि गंभीर प्रकृति के प्रकरणों में सतत, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध विवेचना अनिवार्य है तथा कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। महिला एवं बाल अपराधों में संवेदनशीलता के साथ तत्काल संज्ञान लेकर समय-सीमा के भीतर कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। समीक्षा बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह, पुलिस अधीक्षक मुंगेली भोजराम पटेल, पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग पटेल, पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी, पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ आंजनेय वार्ष्णेय, पुलिस अधीक्षक गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही मनोज खिलारी, पुलिस अधीक्षक सक्ती प्रफुल्ल सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा उमेश कश्यप, प्रशिक्षु भा.पु.से. अंशिका जैन बिलासपुर तथा पुलिस महानिरीक्षक रेंज कार्यालय से उप पुलिस अधीक्षक विवेक शर्मा उपस्थित रहे।

■ **आईजी ने ली अपराध समीक्षा बैठक**

# उन्नत भविष्य के लिए नवाचार व उत्कृष्ट शिक्षा आवश्यकः डॉ.दुबे

**बिलासपुर।** सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिवार द्वारा महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय पं.द्वारिका प्रसाद दुबे की पुण्य स्मृति में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संस्थापक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में वक्ताओं ने स्व.पं. द्वारिका प्रसाद दुबे जी के प्रेरणादायी व्यक्तित्व एवं समाजसेवा के अद्वितीय कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस अंचल को दिए गए उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे ने कहा कि सन 1956 में जब स्व.पं.द्वारिका प्रसाद दुबे ने इस महाविद्यालय की स्थापना की थी, तब इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा की सुविधाएँ अत्यंत सीमित थीं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में जो कार्य किए, वे आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर शासी निकाय के पूर्व पदाधिकारियों एवं संरक्षक सदस्यों स्व.पं.द्वारका प्रसाद दुबे, पं.लक्ष्मी प्रसाद दुबे, पं.भगवत प्रसाद दुबे, पं.प्रयाग प्रसाद दुबे, पं.नारायण प्रसाद दुबे, श्रीमती हंसा दुबे एवं अन्य सदस्यों के योगदान को भावपूर्ण शब्दों में स्मरण किया गया। शासी निकाय सदस्य एसपी चतुर्वेदी ने महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए संस्था की प्रगति की सराहना की। कार्यकारी अध्यक्ष अमन दुबे द्वारा आगामी शिक्षण सत्र में नवीन पाठ्यक्रम जैसे बीकॉम एलएलबी, बीए एलएलबी होटल मैनेजमेंट, योग साइंस के संबंध में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने संस्थापक के समाजसेवी दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का कुशल संचालन डॉ. श्रीमती संगीता ताम्रकार ने किया। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे, उपाध्यक्ष महेश दुबे, सत्यप्रकाश चतुर्वेदी, विमल त्रिपाठी, नितिन त्रिपाठी, अमित तिवारी, पूनम मिश्रा, श्रद्धा दुबे, डॉ.अंजलि चतुर्वेदी एवं अमन दुबे द्वारा नगद पुरस्कार प्रदान किए गए।



### विहिप सेवा विभाग ने किया देहदान दाताओं का सम्मान



**बिलासपुर।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग छत्तीसगढ़ प्रांत एवं जिला बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में देहदान दाताओं का सम्मान समारोह का आयोजन संजीवनी हास्पिटल के आडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय मंत्री सेवा आयाम अजय पारिख ने कहा कि कर्तव्य में जो सर्वोत्तम है वह सेवा है। मनुष्य का शरीर केवल सुखोपभोग के लिए नहीं बल्कि सेवा के लिए भी है। वर्ष 1967 में विश्व हिन्दू परिषद ने सेवा आयाम प्रारंभ किया, बीते 60 वर्षो में देशभर में 7152 सेवा प्रकल्पों का संचालन किया जा रहा है। विहिप की सेवा निस्वार्थ भाव से, किंतु राष्ट्र और धर्म संरक्षण के उद्देश्य से की जाती है। विहिप चार प्रमुख क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा और संस्कार व स्वावलंबन, रोजगार में सेवा कार्य कर रही है। वर्तमान में विहप द्वारा 150 से अधिक संस्कार शाला, 300 से अधिक शिक्षा, प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं तथा वर्ष 2024 में 14000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। देहदान भी उसी सेवा श्रृंखला की महत्वपूर्ण कड़ी है। बढ़ते मेडिकल कॉलेजों और जनसंख्या को देखते हुए देहदान आज नितांत आवश्यक है। पूरे देश में देहदान प्रकल्प की शुरुआत सर्वप्रथम विहिप बिलासपुर ने की है। देहदान हेतु संकल्पित वृक्षों में सुधीर खंडेलवाल, श्रीमती शशि खंडेलवाल, आशीष खंडेलवाल, अनुभा खंडेलवाल का सम्मान अतिथियों ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय सेवा टोली प्रमुख अजय पारिख, क्षेत्रीय सेवा प्रमुख विभूति भूषण पांडे, संजीवनी हास्पिटल के संचालक डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. अविजीत रायजादा, जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता, प्रांत सह कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, प्रांत सेवा प्रमुख रवि गर्ग, प्रांत सह संयोजिका दुर्गा वाहिनी, प्रीति दुबे, अभिषेक गौतम, दीपक सोनी, डॉ. केके साव, पलक जायसवाल, विंकू भाटिया, अपूर्व श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का समन्वय प्रांत सह सेवा प्रमुख मनीष मोटवानी ने किया, जिला सेवा प्रमुख नीरज जाग्यासी की विशेष भूमिका रही।

## बिजनेस प्लस

### चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने जीता पदक

**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों के बीच आयोजित वोकेशनल ट्रेनिंग प्रतियोगिता में शानदार सफलता प्राप्त की है।

प्रतियोगिता में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेली कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग छठे सेमेस्टर के छात्र अरुण कुमार ने गेवरा प्रोजेक्ट एसईसीएल में अपने उत्कृष्ट प्रोजेक्ट कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार एवं स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सिविल इंजीनियरिंग छठे सेमेस्टर के छात्र अजय पटेल, इन्द्रेश कुमार श्रीवास, देवयानी कटेन्द्रा, प्रीतम सिंह धुर्वे एवं टाकेश कुमार ध्रुव ने खारूंग जल संसाधन विभाग बिलासपुर में अपने उत्कृष्ट प्रोजेक्ट कार्य के लिए द्वितीय पुरस्कार एवं रजत पदक प्राप्त कर कॉलेज का मान बढ़ाया। विजेता विद्यार्थियों को 20 जनवरी को भिलाई में आयोजित होने वाले भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा।चौकसे ग्रुप के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने विद्यार्थियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.नितिन जैन, ईटीएंडटी विभागाध्यक्ष प्रो.सचिन मेश्राम, सिविल विभागाध्यक्ष डॉ.शुभलक्ष्मी तिवारी, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो.विनोद खरसन सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान कीं।



### अशोक और अभिषेक के जन्मदिन पर दी गई बधाई



**बिलासपुर।** प्रकाश श्रीवास एवं राजन श्रीवास के नेतृत्व में बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल जी एवं अभिषेक अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनके निवास स्थान जाकर शुभकामनाए प्रेषित की गई। इसमें प्रमुख रूप से नन्दू यादव, प्रदीप पटेल, दीपक श्रीवास, मनीष शिव, मनोज कौशिक, सोनू भाउ, अनिकेत सोनवानी, अमित टोप्पो, महेश्वर केसरी, हर्ष मिश्रा, सुदीप यादव, गितेश निर्मलकर, रूपेश साहू, आयुष यादव, रजत तिवारी, सनी सोनकर, जय निर्मलकर, प्रिंस कश्यप, संगम कुर्रे, रवि श्रीवास, सौरभ यादव, कन्हैया साहू आदि उपस्थित थे।

## खेल की खबरें

### भारतीय रेलवे की ऐतिहासिक जीत में ई. जैकब का योगदान



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक के पद पर पदस्थ ई जैकब 75 वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता जो की चेन्नई में आयोजित हुई थी। इसमें भारतीय रेलवे महिला एवं पुरुष बास्केटबॉल टीम के फिटनेस ट्रेनर के रूप में चयनित होकर शामिल हुए।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ई जैकब के अनुशासनात्मक प्रशिक्षण एवं वैज्ञानिक फिटनेस कार्यक्रम का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की महिला एवं पुरुष दोनों ही टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया। ई जैकब की यह उपलब्धि न केवल भारतीय रेलवे बास्केटबॉल टीम के लिए बल्कि बिलासपुर जिला बास्केटबॉल संघ और संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी गर्व का विषय है।

### खो-खो और बैडमिंटन के रंग में रंगा उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान



**बिलासपुर।** खेल महोत्सव के द्वितीय दिवस में खो-खो पुरूष वर्ग का प्रथम मैच शिवम व मधुरम निकेतन के बीच खेला गया जिसमें शिवम निकेतन के खिलाड़ियों ने ज़बरदस्त तालमेल से 36 अंक अर्जित करने में सफल रहा। वहीं मधुरम की टीम को कुल 10 अंक पर ही रोकते हुए एकतरफा जीत दर्ज किया। इस में मैच योगेन्द्र, अरविंद, ओंकार एवं प्रांजल ने शानदार खेल से दर्शकों को अचंभित किया। इसी तरह दूसरा मैच सत्यम और सुन्दरम के मध्य खेला गया जिसमें खेमराज एवं अश्वनी कुमार के शानदार प्रदर्शन ने सत्यम को जीत दिला दिया। वहीं खो-खो महिला वर्ग के प्रथम मैच में सुंदरम ने अपने प्रतिद्वंदी टीम सत्यम 16 अंक के मुकाबले केवल 2 पर ही रोकने पर सफल रही।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




बुधवार को कोटा रोड स्थित एल एम फार्म्स में मकर संक्राति उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शहर विधायक अमर अग्रवाल ने पतंग उड़ाई।

# अनुकरणीय है भगवान राम का पावन चरित्र : संत कौशल





भगवान राम का पावन चरित्र अनुकरणीय है। प्रभु सोकर उठने के बाद अपनी मां का चंदन वंदन, पिता का चरण छूकर एवं वशिष्ठजी का आश्रम जाकर गुरु का आशीर्वाद लेते थे। जिन्हें माता, पिता व आचार्य का आशीर्वाद प्राप्त हो उन्हें कहीं आशीर्वाद मांगने की जरूरत नहीं है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें श्रीराम कथा आयोजन समिति बिलासपुर द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में बुधवार को कथावाचक संत प्रवर विजय कौशल महराज ने राम जन्मोत्सव की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि जब भगवान राम प्रकट हुए तो पूरा अयोध्या उत्सवमय हो गया। चारों भाइयों का नामकरण कराया गया। भगवान राम व कृष्ण में एक ही अंतर रहा। कृष्ण ने गीता में जो कहा एवं राम ने चरित्र से करके दिखाया वह अनुकरणीय है। जिस पुत्र ने अपने आचरण, मधुर वाणी से अपने माता-पिता को प्रसन्न कर लिया उसे कोई तीर्थ जाने की जरूरत नहीं है। वहीं जो व्यक्ति अपनी पत्नी व अपने बच्चों के सामने अपनी मां को डांटता है ऐसे लोगों को सारे तीर्थो में नाक रगड़ने के बाद भी शांति नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि मां तो मां होती थी। भगवान कृष्ण कहा करते थे वह माखन इसलिए खाता है क्योंकि उसमें मेरी मां बैठी है। जब वे गोकुल से द्वारिका चले गए तो वहां किसी के द्वारा गोकुल की बात करने पर भगवान कृष्ण रो पड़ते थे। अंत में आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर गुलशन ऋषि, सुशील, नीता श्रीवास्तव, मनीष अग्रवाल, नारायण गोस्वामी, गोपाल शर्मा, प्रवीण दुबे, महापौर पूजा विधानी, शोभा कश्यप, रजनी ऋषि, मीना गोस्वामी सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु भक्त भारी संख्या में उपस्थित थे।

### इन्होंने लिया आशीर्वाद

कथा आरंभ होने से पहले नगर विधायक अमर अग्रवाल, शशि अग्रवाल, हरिभूमि के स्थानीय संपादक प्रवीण शुक्ला, रामअवतार अग्रवाल, कुलपति एडीएन बाजपेयी, सुनीता शुक्ला, विजय कुमार ओझा, अशोक प्रजापति, सुरेश श्रीवास, छोटेलाल राठौर, ईश्वर भाई पटेल, केतन भाई सुतारिया, बकुल भाई, डॉ धर्मेन्द्र दास, प्रेमलाल विश्वकर्मा, संजय, रामचंद्र अग्रवाल सहित कई समाज प्रमुखों ने आशीर्वाद लिया।

### कोई आशीर्वाद नहीं काट सकता

कथा व्यास ने गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या की कथा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अहिल्या बुद्धि की प्रतीक है। बुद्धि कभी भी फिसल सकती है। जो व्यक्ति अपने अपराध को स्वीकार कर स्थिर चित्त हो जाता है, उसके द्वार पर भगवान आकर उसे क्षमा करते हैं। जानबूझ कर किए गलत काम को कोई भी आशीर्वाद नहीं काट सकता है। उन्होंने कहा कि गंगा तट पर कुछ न कुछ दान व नित्य गंगा स्नान अवश्य करें। इसके लिए नहाते समय गंगा मइया का आह्वान कर हर-हर गंगे, जय शिवशंकर बोलते रहें।

### भगवान राम ने लिया था तीन संकल्प

कथावाचक ने बताया कि भगवान राम ने तीन संकल्प लिए थे। इसमें राजगद्दी पर बैठने से पहले पूरे राज्य का भ्रमण कर समस्याओं का अध्ययन करने, पैदल विचरण करने एवं एक पत्नी के साथ व्यवहार करने संबंध संकल्प शामिल रहा।उन्होंने रास्ते में तड़का, मारिच का वध किया। धनुष यज्ञ के नाम सुनते ही भगवान राम को माता सीता दिखने लगी। भक्ति से मिलने भगवान उतारू हो जाते हैं। भगवान जगतगुरु हैं। भक्ति, भजन गुरु के मार्गदर्शन में ही करना चाहिए। बिना गुरू के भजन फलित नहीं होता है। गुरुवर भी भगवान की कृपा से मिलती है।

### ये करें तो रूक जाएंगे कदम

कथा व्यास ने कहा कि जब अविवाहित हो तो अपने पिता के इज्जत, शादी शुदा हैं तो अपने छोटे बच्चों को सिर पर रखें। यह सोचें कि उनके हर आचरण, व्यवहार का उनके बच्चों पर असर पड़ रहा है। ऐसा करने से कदम रूक जाएंगे। इंसान का 14 साल या 44-45 साल की उम्र में बिगड़ने का डर रहता है। इस उम्र में अपने गुरु को सिर पर रखे। सोचें कि उनकी कृपा मुझ पर है। कुछ गलत हो जाए तो वे मेरे बारे में क्या सोचेंगे और कदम रूक जाएंगे। पूजा पाठ करने से आदतें सुधर जाएगी यह न सोचें। रोग तो औषधि से ही दूर होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी चीज को बच्चे देखकर सीखते हैं, इसलिए अपने से बड़ों या गुरुओं का पहले स्वयं प्रणाम करें तो बच्चे देख कर अपने आप प्रणाम करेंगे।

**व्याख्यान**

## एयू : वैदिक ज्ञान आधुनिक जीवन की जटिल चुनौतियों का प्रभावी समाधान



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग ने कुलपति सभागार में "वैदिक ज्ञान परंपरा" विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया। मंच संचालन डॉ. सत्यम तिवारी ने बखूबी निभाया। योग विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ गौरव साहू ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल राष्ट्र की पहचान नहीं है, बल्कि समूची मानवता के कल्याण का मार्ग भी है। इस परंपरा की शैक्षणिक और सांस्कृतिक प्रासंगिकता आज भी उतनी ही जीवंत है। विशिष्ठ अतिथि डॉ हरेराम पाण्डेय ने भारतीय ज्ञान और योग की समग्र अवधारणा को स्पष्ट करते हुए युवा शोधार्थियों को इस क्षेत्र में गहन अनुसंधान के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता प्रो. रामनाथ झा ने वैदिक चिंतन की दार्शनिक गहराई और वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वैदिक ज्ञान आधुनिक जीवन की जटिल चुनौतियों का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करता है और इसकी उपयोगिता कालातीत है। अध्यक्षता करते हुए कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने कहा,वैदिक ज्ञान परंपरा कोई पुरानी धरोहर मात्र नहीं है। यह जीवन को संतुलित, समृद्ध और अर्थपूर्ण बनाने वाली जीवंत पद्धति है। कार्यक्रम में पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वी के सारस्वत सहित विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में कुलसचिव डॉ. तारणीश गौतम ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और आयोजन टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

**स्पोर्ट्स**

## खेलो इंडिया बीच गेम्स में छत्तीसगढ़ ने हासिल किया ब्रॉन्ज मेडल

भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स में छत्तीसगढ़ के 6 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें शहर के पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ी शेख अरबाज अली ने कांस्य पदक प्राप्त कर मान बढ़ाया है। संघ के प्रदेश सचिव शेख समीर ने बताया कि शेख अरबाज अलीगत 3 वर्षों से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पांचवा और छटवा स्थान प्राप्त कर रहे थे। पर इस बार उन्होंने खेलो इंडिया गेम्स में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया है। यह पहला उपलब्धि है जो किसी खिलाड़ी ने खेलो इंडिया बीच गेम्स मे पदक प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह, वरिष्ठ पीटीआई सुशील मिश्रा, पैरालंपिक संघ के पूर्व महासचिव सूरज यादव, पेंचाक सिलाट संघ के संयुक्त सचिव एम रत्नाकर, सबीहा शेखउ ने शुभकामनाएं दी।



### क्रिकेट में एलसीआईटी के दो खिलाड़ियों का चयन

एलसीआईटी स्कूल ऑफ़ फार्मेसी बोदरी के दो खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट पुरुष चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई की टीम में हुआ है। क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की एकीकृत राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रदर्शन एलसीआईटी स्कूल ऑफ़ फार्मेसी के खिलाड़ी हिमांशु जोगी व आजम हुसैन छात्र का चयन ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुवा है। चयन होने पर पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन,एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय, इंजीनिरिंग विभाग उपप्राचार्य शुभी श्रीवास्तव,एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला शुभकामनायें दी।

# श्रद्धा, उत्साह से मनाया गया मकर संक्राति पर्व, मंदिरों में की गई पूजा

शहर के शैक्षणिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों मकर संक्रांति पर्व श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। लोग स्नान कर तिल, लाई के लड्डु का दान किया। अयप्पा मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में विशेष पूजा की गई। युवाओं ने पतंगबाजी का आनंद लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सूर्य का किसी राशि विशेष पर भ्रमण करना संक्रांति कहलाता है। सूर्य हर महीने में राशि का परिवर्तन करते हैं। साल में 12 संक्रांतियां होती है। इसमें मकर संक्रांति और कर्क संक्रांति सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। सूर्य जब मकर राशि में जाता है तब मकर संक्रांति होती है। मकर संक्रान्ति भारत के प्रमुख पर्वों में से एक है। यह पर्व पूरे भारत और नेपाल में भिन्न रूपों में मनाया जाता है। शहर में संक्रांति की धूम रही। सदर बाजार स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में गुरुवार 15 जनवरी को संक्रांति के उपलक्ष्य में विशेष पूजन कर भण्डारे में खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। वहीं टिकरापारा में महालक्ष्मी यज्ञ व अभिषेक पूजन पं. संकल्प शुक्ला के सानिध्य में किया जाएगा। इसके मुख्य यजमान डॉ संजय मंजू ढढारिया होंगे। इसके आयोजक राघव, सिद्धि सहित पूरे ढ़ढारिया परिवार हैं।

### पंजाबी संस्था में लोहड़ी की धूम, संगीत में झूमे



पंजाबी संस्था और पंजाबी हिन्दू महिला संस्था ने मकर संक्रान्ति के दिन बुधवार को लोहड़ी का त्यौहार पूरे रीति-रिवाज से मनाया। ईमलीपारा स्थित पंजाबी संस्था भवन परिसर में आयोजित लोहड़ी उत्सव में संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि व महिला संस्था की अध्यक्ष योगिता दुआ की अगुवाई में लोहड़ी की पवित्र अग्नि प्रज्ज्वलित की गई। इस मौके पर नगर विधायक व पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उत्सव के दौरान वहाँ मौजूद सभी लोगों ने पवित्र अग्नि की परिक्रमा की और तिल, गुड़, मूंगफली, रेवड़ी और मक्के के दाने अर्पित किये। बाद में सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर लोहड़ी की बधाइयाँ दी। इसके पहले प्रख्यात पंजाबी लोक गायिका मनदीप कौर ने शुद्ध पंजाबी लोक-परंपरा पर आधारित गीतों की झड़ी लगा दी। मनदीप कौर के लोहड़ी गीत, पंजाबी टप्पे, गिद्धा और बोलियों की धमाकेदार प्रस्तुतियों में पूरी पंजाबी बिरादरी झूमकर नाची।

### डीपीएस में मकर संक्रांति पर्व मनाया



दिल्ली पब्लिक स्कूल में मकर संक्रांति पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया गया अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ पतंग उड़ाने का बचपन का शौक भी पूरा किया साथ ही खान-पान के स्टॉल पर जाकर अपनी मनपसंद चीजों को खाने का भी लुफ्त उठाया। संस्था प्राचार्य महोदय जसपाल सिंह माथ ने मकर संक्रांति पर्व के सभी के जीवन में गुड़ तिल की तरह मिठास घुल जाने की कामना की। संक्रान्ति का ऐतिहासिक महत्व चूँकि शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, अतः इस दिन को मकर संक्रान्ति के नाम से जाना जाता है। सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। मकर संक्रान्ति के दिन ही गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं। धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं का महत्व इसी बात से प्रतिपादित हो जाता है कि इस दिन सूर्य नारायण उत्तरायण हो जाते हैं प्रकृति में अद्भुत परिवर्तन आता है। पतंग महोत्सव का आयोजन भी किया गया।

### सेंट्रल गुरुद्वारा में मनाई लोहड़ी



गोड़पारा सेंट्रल गुरुद्वारा में महिलाओं ने लोहड़ी पर्व मनाया। इस मौके पर अध्यक्ष मीना सलूजा, इंद्रजीत सलूजा, सुदेश सलूजा, लवनीत लूथरा, रिंकी सलूजा और समाजसेवी चंचल सलूजा मौजूद रहे।



बालाजी मंदिर में धनुरमास में गोदादेवी की पूजा की गई।

### कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का भजन व खिचड़ी भोज



मकर संक्रान्ति पर्व पर नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति ने कान्यकुब्ज भवन में आयोजित किया। इस कार्यक्रम के अतिथि सेवा निवृत्त न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय चन्द्र भूषण बाजपेयी एवं पूर्व विधायक शैलेष पान्डेय रहे। अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने दिया इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष पं देवी प्रसाद शुक्ला, पं राम प्रसाद शुक्ला एवं पूर्व महिला अध्यक्ष सुरेखा दीक्षित का सम्मान किया गया। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि समाज को प्रतिभाओं के प्रति भी सजग होना पड़ेगा। पूर्व विधायक शैलेष पान्डेय ने कहा कि संक्रान्ति का पर्व दिन के बढ़ने का पर्व है। कार्यक्रम प्रारम्भ प्रेम पटेल व उनके साथियो के भजन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन अनिल तिवारी ने किया एवं आभार प्रदर्शन महिला अध्यक्ष किरन बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर बीके पान्डेय, सचिव राजेश शुक्ला, शिवा मिश्रा, मनोज शुक्ला, प्रभात मिश्रा, मनोज तिवारी, स्वप्निल शुक्ला, अमित तिवारी, अलका तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### प्रेस अभिकर्ता कल्याण संघ ने किया लड्डू वितरण



प्रेस अभिकर्ता कल्याण संघ द्वारा मकर सक्रांति पर समस्त सेंटर प्रेस क्लब प्रांगण देवकीनन्दन चौक ,रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, मंगला चौक, राजकिशोर नगर चौक, अशोक नगर में समस्त एजेंट एवं सब एजेंट वितरक बन्धु व पेपर वितरण करने वाले साथियों को तिल लड्डू एवं चाय बिस्कुट का वितरण किया गया। इस अवसर प्रेस अभिकर्ता कल्याण संघ के अध्यक्ष भरत यादव, पवन सोनी, परदेशी यादव, बरुण दास, रामकुमार यादव, भरत क्षत्रीय, खोरबहरा देवांगन, राजेश साहू, कामता गोस्वामी, ओंकार सिंह ठाकुर, रणधीर राय, प्रहलाद कोरी, विवेक मौर्य, रामसनेही यादव, खेमचंद साहू, बसन्त प्रजापति, श्रवण साहू विनय देवांगन राहुल साहू आशीष यादव, गणेश चन्द्रा, दिलीप सिंह, दुर्गेश कुम्भकार,सचिन मनोज सूर्यवंशी, क्रांति पाटनवर,पुरुषोत्तम तिवारी, राजा मानिकपुरी, बजरंग श्रीवास्तव, कृष्णकुमार भोई, महेश सूर्यवंशी सहित सदस्य शामिल रहें।

### पारिजात एक्सटेंशन में लोहड़ी की धूम



पारिजात एक्सटेंशन में संगीता सानन परिवार ने मोहल्ले वालों के साथ लोहड़ी मनाई। लोहड़ी जला कर उसकी परिक्रमा कर बधाई दी। इस मौके पर राजेश, बीपी जैन, विजयधर दीवान, आरडी विश्वकर्मा, विरेंद्र गुप्ता, विकास शर्मा, डॉ आनंद, रीता पाण्डेय, विभा गुप्ता, इंदू, स्वदेश, संगीता वर्मा, प्रीति की उपस्थिति रही।

**कार्नर न्यूज**

# डीपीएस की छात्रा आदया ने जीता 'जूनियर मिस इंडिया मिस कॉन्फिडेंट' का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की प्रतिभाशाली बालिका आदया श्रीवास्तव ने जयपुर के पाँच सितारा होटल में आयोजित प्रतिष्ठित जूनियर मिस इंडिया प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'जूनियर मिस इंडिया मिस कॉन्फिडेंट का खिताब अपने नाम किया।

इस उपलब्धि के साथ उन्होंने न केवल बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है। इस भव्य प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अपने वर्ग में आदया ने उत्कृष्ट वाक्-कौशल, नृत्य की भाव-भंगिमा, आत्मविश्वास तथा फैशन शो के रैंप वॉक के माध्यम से निर्णायकों एवं दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी सशक्त प्रस्तुति और आत्मविश्वास ने उन्हें यह प्रतिष्ठित खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खिताब जीतने पर आदया को ब्यूटी क्वीन क्राउन, सैश, प्रमाण-पत्र एवं गिफ्ट हैम्पर प्रदान किया गया। तीन दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में बॉलीवुड अभिनेत्री रीवा अरोड़ा, लोकप्रिय टीवी सौरियल क्रिमिनल जस्टिस के निर्देशक-निर्माता मनीष सिंह, फैशन जगत की प्रतिष्ठित हस्ती उन्नति सिंह, टीवी धारावाहिक अभिनेता जयदीप, बॉलीवुड कोरियोग्राफर यतिन गांधी, मोडल सेफाली सूद, तथा प्रसिद्ध कवि आलोक श्रीवास्तव सहित अनेक जाने-माने निर्णायक उपस्थित रहे। इसके अलावा राजस्थान के कई गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में दर्शकों की भी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में देश के 25 प्रमुख शहरों से चयनित प्रतिभागियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया, जिनमें से विजेताओं का चयन किया गया। इस राष्ट्रीय मंच पर आदया का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा और उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई।

उल्लेखनीय है कि आदया क्रांति नगर निवासी हैं वे डीपीएस स्कूल में कक्षा सातवीं की छात्रा हैं। वे पूर्व क्रिकेटर सीएमपीडीआईएल में विभागाध्यक्ष मानव संसाधन एवं प्रशासन आलोक श्रीवास्तव एवं आंचल श्रीवास्तव की पुत्री हैं।





### इस सफलता में परिवार का मिला सपोर्ट

सफलता पर आदया ने कहा कि इस उपलब्धि के पीछे उन्हें अपने स्वर्गीय दादा-दादी, नाना-नानी, मामा-मामी तथा माता-पिता का निरंतर आशीर्वाद और सहयोग मिला है। उन्होंने बताया कि कल्चरल राउंड में उन्होंने रायगढ घराने की कथक नृत्य शैली की प्रस्तुति दी, जबकि फैशन राउंड में उन्होंने प्रसिद्ध डिजाइनर रीमा माखीजा द्वारा डिज़ाइन की गई पोशाक में रैंप वॉक किया। आराध्या को फ़ाइनल राउंड के लिए मिस इंडिया यूनिवर्स रह चुकी नयोनिता लोध ने प्रशिक्षित किया था। आदया ने भविष्य में सीनियर मिस इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने की भी इच्छा व्यक्त की। आदया, रायगढ़ घराने की प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना वासंती वैष्णव की शिष्या है और उनके मार्गदर्शन में अपनी शास्त्रीय नृत्य कला को निरंतर निखार रही हैं।

## खबर संक्षेप

### मठधारी बाबा मंदिर में श्री सत्यनारायण कथा

**तखतपुर।** मौहाभाठा मठधारी बाबा मंदिर में श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नीरज पाण्डेय, प्रदीप साहू, नंदनी साहू, हीरा लाल, पिल्लूराम, अम्बा, सुरेश, गंगा, चंदू राम, भगेला, अनिल, कल्याणी, रामप्यारी, दिव्या, दीपिका, गजेंद्र, गितेश, दीक्षा, विभा, रानी, चंद्रकुमार, संगीता, रेमन साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बदमाशों ने युवक के साथ की मारपीट

**तखतपुर।** आने-जाने की बात को लेकर बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजा निवासी आशीष टाण्डे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 12 जनवरी को वह 7 बजे वह अपनी दुपहिया वाहन से अपने साथी को छोड़ने गया हुआ था। इसी दौरान निखिल टांडे और साहिल टांडे उसके पास आए, और इधर क्यों आए हो कहकर गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### ई-रिक्शा चालक ने महिला को मारी टक्कर, मामला दर्ज

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ई-रिक्शा चालक ने सड़क पार कर रही महिला को टक्कर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार साल्हेकापा निवासी नेमीचंद जायसवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 13 जनवरी को दोपहर 2 बजे उसकी मां बैंक के काम से तखतपुर आई हुई थी। वह सड़क की ओर आ रही थी, तभी अज्ञात ई-रिक्शा के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### लिपिक के स्थानांतरण पर रोक लगाने लिखा पत्र

**तखतपुर।** सहकारी समिति के लिपिक के स्थानांतरण पर रोक लगाने के संबंध में प्राधिकृत अधिकारी पोंड़ी करनकापा ने संयुक्त आयुक्त सहकारिता को पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख है कि, वर्तमान में कृषि सहकारी समिति तेलियापुरान में पदस्थ लिपिक हेमचंद कश्यप का करनकापा के संचालक मंडल के बिना सहमति के स्थानांतरण किया गया है, जो अनुचित है साथ ही संस्था के पास पर्याप्त कर्मचारी नहीं है, जिससे काम कर पाना संभव नहीं है। इसलिए इसके स्थानांतरण पर रोक लगाई जाए।

## निधन

### सुधा तिवारी



**बिलासपुर।** सरजू बगीचा मसानगंज निवासी श्रीमती सुधा तिवारी का 77 वर्ष की आयु में 14 जनवरी को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास सरजू बगीचा मसानगंज से 15 जनवरी को अपराह्न 3 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। वे सेवानिवृत बीईओ विद्याशंकर तिवारी की पत्नी, जया, जूही की माता थीं।

### स्मिता बाला सिंह



**बिलासपुर।** सेवानिवृत प्रशिक्षण अधीक्षक कोनी एसजी सिंह की पत्नी श्रीमती स्मिता बाला सिंह का निधन हो गया। 14 जनवरी की शाम पांच बजे बलराम टॉकीज के सामने मसीही समाज की वाटिका में उन्हें अंतिम विदाई दी गई। वे हनी और हिना की माता थीं।

### सरिता ध्रुव डिग्रसकर



**बिलासपुर।** सरकंडा निवासी सरिता ध्रुव डिग्रसकर का 14 जनवरी को दोपहर 2 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 जनवरी को प्रातः 10 बजे मुक्तिधाम सरकंडा में संपन्न होगा। वे अपने पीछे पुत्र समीर डिग्रसकर (गोल्डी), पुत्री मोना चावड़ा एवं पुत्र सोनू नायक सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

### रामेश्वर प्रसाद सिंह



**बिलासपुर।** यूको बैंक के रिटायर्ड कर्मचारी रामेश्वर प्रसाद सिंह का निधन हो गया है। इनका अंतिम संस्कार 15 जनवरी की सुबह 11 भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे डा. सुगंधा सिंह व खुशबू सिंह के पिता थे।

---

### अफसरों ने किया निरीक्षण, संचालक ने प्रस्तुत नहीं किए दस्तावेज

# कम मिला साढ़े 5 हजार बोरा धान, राइसमिल सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम बंधवा स्थित एसएस फूड राइस मिल सह गोदाम में अनुविभागीय अधिकारी अपनी टीम के साथ मंगलवार को निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण मौके पर विभागीय भौतिक सत्यापन के दौरान अनियमिता पाए जाने पर साढ़े पांच हजार बोरा लगभग 1 हजार 761 क्विंटल धान कम पाई गई। इस पर राइस मिल को तत्काल सील कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि, राइस मिल संचालक को दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया, लेकिन दस्तावेज नहीं होने के कारण कार्रवाई की गई। विभाग ने बताया कि, विभागीय जांच में अभी तक कितना क्विंटल धान आवाक-जावक एवं अन्य कागजातों का परीक्षण किया जा रहा है।

गौरतलब है, कि राइस मिल 2025 के अक्टूबर माह में ही प्रारंभ हुआ है। कस्टम के लिए धान का उठाल तो किया गया, परंतु ऑनलाइन भौतिक सत्यापन में मात्रा से कम धान मिलने पर अधिकारी भी चौंक गए। टीम ने बताया कि, अभी राइस मिल प्रारंभ नहीम हुई है। उक्त जानकारी कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारी को दी गई, जिसके बाद टीम ने राइस मिल सह गोदाम को तत्काल सील कर दिया। विभाग इस कार्रवाई के बाद से राइस मिल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।



राइस मिल को सील करते अफसर।

#### की गई कार्रवाई

एसएस फूड में धान भौतिक सत्यापन के पश्चात अनियमितता पाए जाने पर राइस मिल को एसडीएम, तहसीलदार की टीम एवं फूड/एलाइड के साथ मिलकर सील करने की कार्रवाई की गई।

**-अजीत पुजारी,**
एसडीएम

### मुख्य सचिव ने ली वर्चुअल बैठक

**मुंगेली।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा हेतु मुख्य सचिव विकासशील ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने अवैध एवं बाहरी धान खपाने के मामलों में की जा रही कार्रवाई, साप्ताहिक आधार पर उपार्जन केंद्रों की भौतिक सत्यापन तथा राइस मिलों के भौतिक सत्यापन की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही लघु एवं दीर्घ किसानों व दूसरे एवं तीसरे टोकन कटवा चुके किसानों की संख्या के साथ ही कितना धान विक्रय हेतु उपयोग नहीं किया गया है, इस संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।



मुख्य सचिव ने बताया कि 31 जनवरी को शाम 7 बजे के बाद किसी भी प्रकार की धान खरीदी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने जारी डीओ के विरुद्ध धान उठाव की स्थिति की भी समीक्षा की और 28 फरवरी तक मिलर्स द्वारा धान का उठाव पूर्ण कराने और जिन समितियों में स्टॉक क्लीयरेंस में कठिनाई आ रही है, वहां अधिक संख्या में डीओ जारी करने के निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त आईसीसीसी ने जनरेट किए गए अलर्ट्स की जिलेवार श्रेणियों पर चर्चा करते हुए उनके कारणों एवं की गई कार्रवाई की जानकारी भी ली। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि, जिले में सुचारू रूप से धान खरीदी जारी है। अब लगभग 40 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदा जा चुका है तथा 26 लाख 18 हजार 672 क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है।



## डीएवी में उत्साह के साथ मना मकर संक्रांति पर्व

**मस्तूरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल वेदपरसदा में मकर संक्रांति, लोहड़ी एवं पोंगल जैसे सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व के पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं पारंपरिक गरिमा के साथ मनाए गए।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में ग्यारह कुंडीय हवन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देश, समाज एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। हवन के बाद विद्यार्थियों ने पतंगबाजी का आयोजन किया गया, जिससे सम्पूर्ण परिसर उल्लास, आनंद एवं उत्सवमय वातावरण से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, ऋतु परिवर्तन, आपसी सौहार्द एवं सामाजिक एकता के महत्व से अवगत कराया गया। विद्यालय परिवार ने ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में संस्कार, परंपरा एवं सांस्कृतिक चेतना के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर विघालय परिवार के समस्त स्टाफ एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

## डीएवी गोढ़ी में मनाई गई मकर संक्रांति

**बिल्हा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में मकर संक्रांति पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान छात्रों ने पतंग, स्लोगन, और पोस्टर बनाए।



विद्यालय के प्राचार्य डॉ एस एन पांडेय ने कहा कि, मकर संक्रांति भारत का महत्वपूर्ण त्योहार है, जो सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है। यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर, निराशा से आशा की ओर और आलस्य से कर्म की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह त्योहार परिश्रम, संयम और सामंजस्य का संदेश देता है। जिस प्रकार किसान अपनी मेहनत से फसल उगाता है, उसी प्रकार विद्यार्थी भी परिश्रम और अनुशासन से सफलता प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## केशरवानी महिला समिति ने लगाया आनंद मेला




आनंद मेला में शामिल महिलाएं।

**मुंगेली।** हर वर्ष की भांति स्थानीय भवानी साव रामलाल साव ट्रस्ट धर्मशाला में केशरवानी महिला समिति ने नववर्ष के स्वागत में शानदार और मनोरंजन से भरपूर आनंद मेला का आयोजन किया।

मेले का शुभारंभ सदस्यों द्वारा कुलगुरू गोत्रचार्य कश्यप मुनि महाराज की पूजा-आरती के साथ किया गया मंच संचालन सचिव संध्या दीवान ने किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जया गुप्ता, संरक्षक प्रमिला गुप्ता, सपना गुप्ता, अध्यक्ष ज्योति गुप्ता का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया। मेले में सदस्यों ने घर से बने व्यंजन लेकर पहुंचे। इस दौरान मजेदार खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। आंखों से फोटो में बिंदी लगाओ में विजेता विशिष्ट सलाहकार राजुल केशरवानी, राजेश केशरवानी, प्रमिला, पवन केशरवानी, रुद्रांश केशरवानी रहे। ज्योति ने नृत्य नाटिका कोरियोग्राफ के लिए विशिष्ट सलाहकार सुरेखा गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव रिंकी केशरवानी को पुरुस्कार प्रदान किया गया।

साथ ही आनंद मेला का धुरंधर चिट गेम के माध्यम से अध्यक्ष ज्योति गुप्ता द्वारा मेघा गुप्ता को प्रदान किया गया। शास्त्रीय गीत हारमोनियम के साथ राघव केशरवानी ने सुंदर प्रस्तुति दे सबका मन मोह लिया। राशि केशरवानी के सुंदर ड्राइंग और नन्ही प्यारी सी शिविका केशरवानी का डांस एक नंबर ने बहुत तालिया बटोरी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर म्यूजिक में खूब डांस किया और ग्रुप फोटोग्राफी कराई।




## डिंडोल में हिंदू सम्मेलन

**लोरमी।** समीपस्थ ग्राम डिंडोल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के सुकली, झाफल, बिचारपुर, डिंडोल, चंद्रपुर, कुसुमकुंडा, सेमरिया जैसे गांव के घर-घर से हिंदू शामिल हुए। मुख्य वक्ता तीरथ प्रसाद बड़गैया रहे।

मुख्य अतिथि राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष भीषम सिंह राजपूत एवं अध्यक्षता प्रतिमा राजकुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत डिंडोल ने की। श्री बड़गैया ने अपने उद्बोधन में हिंदू धर्म संस्कृति और परंपराओं को भारत की मूल जड़ बताया और विश्व शांति का कारण भी बताया। भीषम सिंह राजपूत ने कहा कि हिंदुत्व को एकता में पिरोने के लिए हमें अपने परिवार को संगठित करना होगा क्योंकि परिवार ही समाज की पहली इकाई है। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुआ गीत, कर्मा, पंथी, राउतनाचा का प्रदर्शन किया गया। पूनम सिंह ने कार्यक्रम का संचालन एवं सुरेंद्र साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

## लटेश्वरनाथ में जलाभिषेक के साथ प्रारंभ होगा किरारी मेला



**मस्तूरी।** माघ बड़ी तेरस महाशिवरात्रि पर भगवान श्री लटेश्वरनाथ के नाम पर ग्राम किरारी में लगने वाला साप्ताहिक मेला शुक्रवार से भगवान श्री लटेश्वरनाथ में जलाभिषेक के पश्चात प्रारंभ होगा। मेला सुरक्षा समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी ठाकुर राहुल सिंह मेला स्थल पर आने वाले व्यापारियों की दुकानों को व्यवस्थित रूप से लगवाने में जुटे हुए हैं।

मेला स्थल पर बच्चों के मनोरंजन के लिए हवाई झुला सहित विभिन्न प्रकार के झूला स्थापित हो चुका है जिसमें बच्चे मनोरंजन करना भी शुरू कर दिए हैं। किरारी-मस्तूरी के मध्य स्थित लटिया तालाब के मेढ़ पर विशालकाय बरगद झाड़ के समीप विराजमान भू-फोड़ महादेव श्री लटेश्वरनाथ के नाम पर माघ बड़ी तेरस के दिन लगने वाला एक सप्ताह के मेले में सिनेमा घर,हवाई झुला, मौत का कुआं,झूला, जादूगर, होटल मनिहारी ,कपड़ा, बर्तन ,व जुता-चप्पल सहित अन्य दुकान के व्यापारियों द्वारा अपना अपना पंडाल लगाकर अपना व्यवसाय प्रारंभ कर करेगें है यह प्रतिष्ठान ही मेले में आकर्षण का केंद्र होता है। ज्ञात हो कि माघ बड़ी तेरस महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शताब्दी पुरानी भू-फोड़ महादेव श्री लटेश्वरनाथ के नाम पर लगने वाला प्रदेश का यह पहला मेला होता है इसके चलते प्रथम दिन मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ता है जैसे ही प्रातः काल 4 बजे मंदिर का पट खुला कि दूर-दराज से पहुंचे कांवरियों का दल और मंदिर प्रांगण में पहुंचें श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के जयघोष के नारों के साथ भोलेनाथ को जल अर्पित करने उमड़ पड़ते हैं।



## मानिकपुरी समाज का नववर्ष मिलन

**मल्हार।** ग्राम लोहर्सी सोन में मानिकपुरी पनिका समाज का ब्लॉक स्तरीय नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन मानिकपुरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष भरत दास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष कृष्णा दास, प्रदेश सचिव गोरेदास, प्रदेश प्रवक्ता निर्मल दास, परदेशी दास, एमडी मानिकपुरी, ब्लाक अध्यक्ष महेन्द्र दास महंत एवं राछा पोड़ी कबीर आश्रम के गुरु सत्य कबड्डीदास की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर मानिकपुरी समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठों का सम्मान शाल श्रीफल, गमछा एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया गया। वरिष्ठ पदाधिकारी शत्रुहन दास, लिखन दास, घनश्याम दास, मनीषा मानिकपुरी ने पनिका समाज को समय के साथ निरंतर आगे बढ़ने, अच्छा कार्य करने एवं शिक्षा में विशेष कार्य करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में गायिका सुशीला साहू, नारायण दास एवं शत्रुहन दास ने कबीर भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस जौरान लोहर्सी के सरपंच अनील साहू, तेरस दास, दल्लू दास, फिरंगी दास, अरविंद दास, चंदकुमार कृपाल दास, शंकर दास, शीतल दास, मोहर दास सहित मानिकपुरी पनिका समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। संयोजक बहोरन दास मानिकपुरी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## केंद्र की नीतियों के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया उपवास

**मुंगेली।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रेमचंद जायसी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैण्ड में एक दिन का उपवास रखकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रर्दशन किया।



एक दिवसीय उपवास में बैठे कांग्रेस जन।

जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को ही खत्म करके श्रमिकों से काम का अधिकार छीना है। मनरेगा कानून में परिवर्तन मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम है। डॉ. प्रेमचंद जायसी ने कहा कि मनरेगा के तहत, सरकारी ऑर्डर से कभी काम नहीं रोका गया। नया सिस्टम हर साल तय टाइम के लिए जबरदस्ती रोजगार बंद करने की इजाजत देता है. जिससे राज्य यह तय कर सकता है कि गरीब कब कमा सकते हैं और कब उन्हें भूखा रहना होगा। कार्यक्रम को संजीत बनर्जी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर थानेश्वर साहू, आत्मा सिंह क्षत्रिय, श्याम जायसवाल, हेमेन्द्र गोस्वामी, रोहित शुक्ला, चंद्रभान बारमते, चुरावन मंगेश्कर, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, दीपक गुप्ता, साधु ठाकुर, सागर सोलंकी, अरविंद वैष्णच, संजय जायसवाल, कौशल सिंह क्षत्रि, पवन दास वैष्णव, याकुब अलि, रघुराज सिंह, श्रीठाकुर, लखन कश्यप, नौसाद खान, अजय साहू, कुलदीप पाटले, नीरज यादव सहित बडी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### 15 लीटर कच्ची शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में में आबकारी विभाग ने ग्राम छोटे जल्ली में छापा मार कर कर 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि, आरोपी भोपसिंह कुर्रे के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की गैर जमानती धारा 34(1)(क), 34(2) तथा 59(क) के तहत वैधानिक प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि, जिले में अवैध शराब एवं अपराधिक गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है तथा आगे भी ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन को सौंपा जाएगा ज्ञापन

## भारतीय किसान संघ का प्रदेश स्तरीय आंदोलन कल

**मरवाही।** छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की ओर से इस वर्ष की जा रही धान खरीदी शुरुआत से ही भारी अव्यवस्थाओं का शिकार रही है। किसान लगातार अपनी उपज बेचने के लिए परेशान हैं, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। कभी टोकन जारी नहीं होना, कभी खरीदी-सीमा कम करना, तो कभी खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था आदि सभी कारणों से किसान महीनों से भटकने को मजबूर हैं।

यह भी चिंतनीय है कि, धान खरीदी की प्रक्रिया को सुगम करने का प्रयास करने की बजाय, शासन-प्रशासन के दिशा-निर्देश किसानों की सत्यनिष्ठा पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए प्रतीत होते हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि, धान खरीदी सत्र समाप्त होने में अब केवल 15 दिन शेष हैं, जबकि अब तक मात्र लगभग 60 प्रतिशत धान की ही खरीदी हो पाई है। इस गंभीर स्थिति को लेकर भारतीय किसान संघ ने 16 जनवरी को छत्तीसगढ़ के सभी जिला मुख्यालयों में आंदोलन करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत जीपीएम जिले में जिला अध्यक्ष रामनारायण राय के नेतृत्व में जिले के किसान विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे। उक्त मांगों में धान खरीदी लिमिट 31 जनवरी से बढ़ाकर 15 फरवरी करने, कैरीफारवड की समस्या को तत्काल दूर करने एवं नवीन पंजीयन वाले किसानों के साथ एग्रीस्टेक ओर एकीकृत पोर्टल में तकनीकी समस्या को दूर कर उनका टोकन जारी करना आदि मांग शामिल रहेंगी। भारतीय किसान संघ कहना है कि, सरकार किसानों के मध्य अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है। यह बात सभी को समझ आ चुकी है कि, सरकार कम से कम धान खरीदी करना चाहती है। किसान संघ का किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ भविष्य में भी संघर्ष जारी रहेगा।

**आम सूचना**

मैं परमित सिंह बग्गा पिता श्री हरबंश सिंह बग्गा उम्र 50 वर्ष निवासी तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. का रहने वाला हूं जो कि मैं अपने पत्नि के नाम पर ग्राम-बेलसरी प.ह.नं. 28 रा.नि.मं. व तहसील-तखतपुर जिला-बिलासपुर वार्ड नं. 12 राममनोहर लोहिया वार्ड के कंडिका कं. 01 बिलासपुर-मुंगेली मुख्य मार्ग से लगा हुआ अपवर्तित खुली भूमि जिसका ख.नं. 410/2 रकबा 1500 वर्गफीट भूमि को विक्रेता खुशी गुप्ता पति विनोद कुमार गुप्ता निवासी तखतपुर वाले के पास से मेरी पत्नि श्रीमती अवनीत कौर बग्गा उम्र 48 वर्ष पति श्री परमीत सिंह बग्गा निवासी तखतपुर जिला-बिलासपुर के नाम पर क्रय किया था। जिसकी रजिस्ट्री पेपर स्टाम्प कहीं गुम हो गया है। उक्त खसरा नंबर की भूमि आम मुख्तियार परमीत सिंह बग्गा के तहत सन 2025 में श्रीमती रुचि अग्रवाल पति श्री आयुश अग्रवाल निवासी तखतपुर वाले के पास बिक्री कर चुका हूं। जिसके तहत रुचि अग्रवाल को बैंक कार्य संबंधी उक्त स्टाम्प पेपर की आवश्यकता है।

अतः उक्त स्टाम्प पेपर गुम हो जाने की आम सूचना मेरे द्वारा प्रकाशित कराया जा रहा है।

दिनांक 10.01.2026

भवदीय
परमित सिंह बग्गा
पिता स्व. श्री हरबंश सिंह बग्गा
तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 9575890000

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 12/01/2026
ग्राम कुदुदण्ड

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कुदुदण्ड प.ह.न. 34 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रंजना कश्यप पिता/पति रविन्द्र कश्यप निवासी ग्राम धुरीपारा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा शिशु/ मृतक/ मृतिका रंजना कश्यप के जन्म/मृत्यु दिनांक 14.12.1982 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 28/01/26 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

-: सूचना :-

क./क/ तह./रा.नि./सीमा./2025
सरकण्डा, दिनांक 07/01/2026

प्रति. 1. दिनेश गोयल 2. अमर मार्बल 3. सुरेश वगैरह 4. ज्योति गुप्ता

विषय:- सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित होने बावत्।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक // तह./रीडर/ 2025 बिलासपुर, दिनांक

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक दिनेश गोयल निवासी मंगला द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 1388/2 रकबा 0.0140 हे हेक्टेयर भूमि का सीमांकन/ बटांकन / स्थल निरीक्षण हेतु न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन / बटांकन / स्थल निरीक्षण न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 16/1/26 को समय 11 से 5 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपुर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

राजस्व निरीक्षक
तहसील बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान् द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.) (पीठासीन अधिकारी कुमारी रिया चक्रवर्ती)**

श्रीमती कांलीदी बाई -वादिनी

**// विरूद्ध //**

श्रीमती मीना बाई वगैरह -प्रतिवादीगण

प्रकरण क्र. सी.एस, 54/अ/2021
आदेश दिनांक 07/01/2028
पेशी दिनांक 13/02/2025,
प्रोसेस दिनांक 01/12/01/2026

इस न्यायालय में वादिनी कांलीदी बाई ने श्रीमती मीना बाई वगैरह के विरूद्ध व्यवहार वाद संस्थित किया है प्रतिवादी क्र. 01 श्रीमती मीना यादव उम्र 64 वर्ष पति स्व. ओंकार यादव, प्रतिवादी क्र. 02 मनोज कुमार उर्फ राजा यादव उम्र 46 वर्ष पिता ओंकार यादव, प्रतिवादी क्र. 03 शरद कुमार यादव उम्र 43 वर्ष पिता स्व. ओंकार यादव, प्रतिवादी क्र. 05 आराधना उर्फ पिंकी यादव पिता स्व. ओंकार यादव सभी निवासी जिला न्यायालय के पीछे वेयर हाउस रोड बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) उक्त प्रकरण में आप प्रतिवादीगणो की उपस्थिति हेतु पेशी दिनांक 13/02/2026 को नियत है।

उक्त पेशी दिनांक 13/02/2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक तक कोई आपत्ति/ जवाब प्राप्त न होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 13/02/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहता है तो उसके अगले कार्यदिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अत: आज दिनांक 0901.26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

स्थान :- बिलासपुर (छ.ग)
दिनांक :-09/01/2026

**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### अखण्ड नवधा रामायण का समापन आज



**मुंगेली।** समीपस्थ ग्राम खैरवार बैरागी में 6 से 15 जनवरी तक 37वां वर्ष अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत में 14 जनवरी को जलयात्रा व 15 जनवरी को सहस्त्र धारा एवं विसर्जन रखा गया है। नवधा में आचार्य रामअवतार तिवारी, विष्णु तिवारी, पुजारी हरी वैष्णव, संचालक तुकाराम गर्धव, कुसल राम साहू, रामविहार गर्धव, शत्रुहन धुरव, मनहरण निषाद, गनपत साहू, उमेंद कुमार साहू, मनोज कुमार गर्धव, नंद कुमार साहू, पुरम सागर धुरव, रामाधारा साहू, रामनाथ साहू, प्रदीप साहू, देवचरण ध्रुव, विरेंद्र साहू, लेखराम ध्रुव, रज्जू यादव, बलदेव धुरव, लक्ष्मण साहू आदि ग्रामीण जन कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

### लल्ला लोरमी एवं रामस्वरूप बने डिंडोरी ब्लाक अध्यक्ष

**लोरमी।** कांग्रेस पार्टी की ओर से लल्ला सिंह ठाकुर को लोरमी ब्लॉक का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं एवं डिंडोरी ब्लॉक के लिए रामस्वरूप श्याम को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस पर नवनियुक्त अध्यक्षों ने कहा कि, जो जिम्मेदारी पार्टी ने सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे।





### तीसरी बार सीपत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने धीवर

**सीपत।** अनुभवी नेता राजेन्द्र धीवर को तीसरी बार सीपत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के हस्ताक्षर से प्रदेश के 307 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की जो सूची जारी हुई, उसमें सीपत से राजेन्द्र धीवर का नाम तीसरी बार अध्यक्ष के रूप में दर्ज हुआ। यह न केवल उनके संघर्ष और कार्यक्षमता का प्रमाण है, बल्कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए भी एक बड़ी जीत है। राजेन्द्र धीवर पहले वर्ष 2019 और 2021 में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपनी अहम भूमिका निभा चुके हैं, अब तीसरी बार यह जिम्मेदारी निभाएंगे। वर्तमान में वे जिला पंचायत सदस्य भी है।



### मुकेश बने पथरिया ब्लॉक अध्यक्ष



**पथरिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ विचार-विमर्श के बाद मुंगेली जिले के विभिन्न ब्लॉकों के लिए नए अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इस संबंध में 14 जनवरी को एक औपचारिक अधिसूचना जारी की गई, जिस पर महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के हस्ताक्षर हैं। इसी क्रम में नगर के युवा मुकेश मिरी को पथरिया ब्लॉक का अध्यक्ष बनाया गया है। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ पथरिया बस स्टैंड में उनका स्वागत किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता को ब्लॉक संगठन के प्रमुख पद पर नियुक्त होने से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार होगा।

### संघ के सदस्यों ने जनजाति परिवार के सदस्यों को प्रदान किया कंबल



**मुंगेली।** ग्राम बीजराकछार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुंगेली एवं बिलासपुर जिले के कार्यकर्ताओं की ओर से जनजाति बंधुओं के लिए कंबल एवं गर्म कपड़ों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शीत ऋतु में ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने सेवा, समर्पण और सामाजिक दायित्व के भाव से जनजाति परिवारों को आवश्यक गर्म वस्त्र प्रदान किए तथा उनके साथ आत्मीय संवाद भी किया। कार्यक्रम के दौरान समाज में समरसता, सहयोग और सेवा के मूल्यों पर बल दिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंजीत सिंह पवार, परसराम निर्णेजक, आकाश परिहार, विश्राम निर्मलकर, लक्ष्मीकांत निर्णेजक, अरुण निर्णेजक, प्रदीप निर्णेजक, रामशरण यादव, हजारी साहू, दयाराम साहू एवं सुनील ठाकुर उपस्थित रहे। उपस्थित स्वयंसेवकों ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा ऐसे सेवा कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे, ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहयोग और संवेदना पहुंच सके।

## विशेषज्ञों की कमी से मां-बच्चे दोनों की जान पर खतरा

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन की सुविधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

नगर पंचायत सरगांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसपास के 20 किलो मीटर की 55 ग्राम पंचायतों के लिए जीवनदायनी है, लेकिन अस्पताल में विशेषज्ञों की कमी और ऑपरेशन की सुविधा के अभाव से गर्भवती महिलाएं मुसीबतों का सामना करने को मजबूर हैं।

हालात इतने गंभीर हैं कि, गर्भवती महिलाएं डिलीवरी के लिए अस्पताल तो आती हैं, लेकिन हालत गंभीर होने और तत्काल ऑपरेशन की सुविधा नहीं होने पर जच्चा-बच्चा दोनों को जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष करना पड़ता है। सर्जरी के लिए डॉक्टर नहीं होने का हवाला दोकर अस्पताल अपने हाथ खड़े कर गर्भवती महिलाओं अन्य स्थानों पर रेफर कर देता है। ऐसे में गंभीर हालत में गर्भवती महिलाओं को या तो 30 किलोमीटर दूर बिलासपुर सिम्स या 45 किलोमीटर जिला अस्पताल मुंगेली ले जाना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की नॉर्मल डिलीवरी करने के चक्कर हालत बिगड़ने लगते हैं, और गर्भवती महिला के साथ-साथ आने वाले नए बच्चे की भी जान खतरे में पड़ जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि कभी कभी मां-बच्चे में से किसी एक या तो दोनों को की हालात गंभीर हो जाती है। नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के समय ऑपरेशन के लिए बिलासपुर ही सहारा है। क्षेत्र ग्रामीण जानकारी के अभाव में निजी अस्पतालों में जाकर हजारों-लाखों खर्च कर कर्ज के दलदल में फंस जाते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन की भी सुविधा जल्द उपलब्ध हो युद्ध स्तर पर काम किया जाएगा।




### नर्सों के भरोसे महिलाओं की डिलीवरी

असपताल पहुंचने वाली महिलाओं को डिलीवरी के समय अधिकतर नर्सों के भरोसे पर छोड़ दिया जाता है। डिलीवरी सामान्य हुई तब तक सब ठीक रहता है, लेकिन अगर स्थिति बिगड़ी तो रेफर का कागज बनाकर हालात से पल्ला झाड़ लिया जाता है।

### नियुक्ति के बाद ज्वाइन नहीं

अस्पताल के हालात क्षेत्र की गंभीर आवश्यकताओं के मद्देनजर सरगांव के स्वास्थ्य केंद्र में शिशु रोग विशेषज्ञ दो डॉक्टरो की नियुक्ति पूर्व में की गई थी, परंतु वेतनमान और अन्य मामलों के कारण उन्होंने यहां ड्यूटी ज्वाइन करना सही नहीं समझा

### कर रहे हैं प्रयास

शासन स्तर पर प्रयास कर रहे हैं, डॉक्टर मिल जाए ताकि यह ओटी प्रारंभ हो जाए। डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं, तो चलाएगा कौन। हमने शासन से गाइनेकोलॉजिस्ट, एनेस्थीक, ऑर्थोपेडिक सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट की मांग की है। सरगांव के लिए 100 बिस्तर का अस्पताल ट्रामा सेंटर का प्रपोज गया है, जल्द आने की संभावना है।

-शीला शाह, सीएचएमओ

## उद्यानिकी महाविद्यालय के छात्रों ने जाना जैविक खेती का महत्व



**बिल्हा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र हथनी बिल्हा में विद्यार्थियों को जैविक खेती के प्रति जागरूक करने हेतु मटका खाद का निर्माण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल खेती की तकनीकों से परिचित कराना था।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ तोरन साहू ने मटका खाद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, यह तकनीक मृदा की उर्वरता बढ़ाने, सूक्ष्मजीवों की सक्रियता को प्रोत्साहित करने तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने में सहायक है। शैक्षणिक प्रभारी डॉ राकेश गिरी गोस्वामी ने विद्यार्थियों को मटका खाद निर्माण की विधि, उसके लाभ एवं फसलों में प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, मटका खाद कम लागत में तैयार होने वाली प्रभावी जैविक खाद है, जो टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देती है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने स्वयं मटका खाद तैयार कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर जैविक खेती के महत्व को समझा। विद्यार्थियों ने इस गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर पुष्पांजलि पंकज, डॉ संध्या साहू, डॉ मकसूदन वर्मा उपस्थित रहे।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक मरीजों की जांच



**मुंगेली।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार का लाभ उठाया।

शिविर में जिला अस्पताल मुंगेली से विशेष रूप से पधारे एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ शिवपाल सिंह सिदार ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। चिकित्सा अधिकारी डॉ हर्षा राय के मार्गदर्शन एवं देखरेख में शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकीय टीम ने पूरे समर्पण और संवेदनशीलता के साथ मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां प्रदान कीं। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, रक्त जांच सहित विभिन्न आवश्यक परीक्षण किए गए। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों की विशेष जांच की गई, ताकि उन्हें समय रहते आवश्यक चिकित्सकीय सलाह और उपचार मिल सके। शिविर में खांसी, सर्दी, बुखार सहित मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की भी जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को रोगों से बचाव, दवाइयों के सही उपयोग, संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ सिदार ने उपस्थित मरीजों को जीवनशैली में सुधार, नियमित व्यायाम, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण तथा किसी भी लक्षण को नजरअंदाज न करने की सलाह दी। वहीं डॉ हर्षा राय ने बताया कि, आगे भी इस प्रकार के निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

## अवैध खनन मामला: एक्सवेटर जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**लोरमी।** वन परिक्षेत्र खुडिया के कारीडोंगरी परिसर अंतर्गत ग्राम टोपियाडीह के समीप कक्ष क्र 495 आरक्षित वन क्षेत्र में 14 जनवरी को एक्सीवेटर से अवैध रेत खनन करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। एक्सीवेटर को जब्त कर पुलिस ने संबंधितों को थाने में लाकर पूछताछ की।वनविभाग से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को समय 1.30 बजे पुलिस बल की सहायता से वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने फरार आरोपी संदीप घृतलहरे के निवास स्थान ग्राम झलरी में दबिश देकर अवैध जैसा खनन वन अपराध कारित करने में प्रयुक्त होने वाली मशीन को जब्त कर लिया। साथ ही मशीन मालिक के परिजनों को पुलिस विभाग ने लोरमी थाना लाकर पूछताछ की।

ज्ञात हो कि, 9 जनवरी को अवैध उत्खनन रोकने गई वन विघाग की टीम पर हमला कर दिया गया था, जिसमें परिसर रक्षक रामनारायण कोल घायल हो गया था। घटना के बाद आरोपी सनत कुर्रे वाहन सहित भागने का प्रयास किया था। इस पर सनत कुर्रे मशीन आपरेटर को मशीन की चौबी सहित वनोपज जांच नाका कारीडोंगरी पूछताछ हेतु लाया गया। इसके बाद ग्रामीणों के माध्यम से घटना की सूचना पाकर मशीन मालिक संदीप घृतलहरे घटना स्थल पर पहुंचा और उपस्थित वन अधिकारियों से विवाद करते हुए मशीन की दूसरी चाबी के माध्यम से वाहन को अपने निवास ले गया। मशीन आपरेटर से पूछताछ कर बयान दर्ज किया गया, जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इस पर सनत कुर्रे पिता रामचरण कुरै उम्र 27 वर्ष ग्राम निपनिया एवं मशीन मालिक संदीप घृतलहरे निवासी ग्राम झलरी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) छ एवं जैव विविधता अधिनियम 2002 की धारा 7.55(2), 58 के तहत गिरफ्तार कर सनत कुर्रे को व्यवहार न्यायालय लोरमी के समक्ष पेश किया गया।



## 14 दुकानों पर कोटपा एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई



**मुंगेली।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार तंबाकू मुक्त मुंगेली की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए कोटपा एक्ट के तहत 28 दुकानों में कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा के मार्गदर्शन में प्रवर्तन दल द्वारा की ओर से बोधापारा में कोटपा एक्ट के धारा 4 एवं 6 के तहत 28 दुकानों की जांच की गई, जिसमें 14 दुकानों में चेतावनी देकर छोड़ा गया तथा शेष 14 दुकानों में 01 हजार 400 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। औषधि निरीक्षक किरण सिंह ने बताया कि, कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थान में धुम्रपान पर प्रतिबंध, धारा 5 के तहत सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के ज्ञापन पर प्रतिबंध, धारा 6 के तहत नाबालिकों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध, धारा 7, 8 एवं 10 बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध धारा 4 एवं 6 के तहत 200 रूपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

# युवा कांग्रेस का सम्मेलन व एसडीएम ऑफिस का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

■ भाजपा सरकार काम छोड़कर नाम के पीछे पड़ी हुई है: पठानिया

युवा कांग्रेस सम्मेलन का आयोजन कर विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। स्थानीय सांस्कृतिक भवन में युवा कांग्रेस की ओर से कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रभारी अमित सिंह पठानिया ने कहा कि, केंद्र की भाजपा की सरकार काम को छोड़कर केवल नाम के पीछे पड़ी हुई है। भाजपा की सरकार मनरेगा का नाम बदलकर लोगों से रोजगार भी छीन रही है।

जनता यह सब देख रही है, और इनको जरूर सबक सिखाऐगी। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि, प्रदेश में चारों तरफ केवल लूट-खसोट जारी है। विकास का कोई भी कार्य नहीं हो रहा है, और प्रदेश सरकार के मंत्री और मुख्यमंत्री केवल विज्ञापन में प्रचार में जुटे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि, किसान आज इस कदर परेशान हैं कि, धान के टोकन नहीं कटने पर परेशान होकर आत्महत्या कर रहे हैं, लेकिन सरकार किसानों की पीड़ा को नहीं समझ रही है। कागज में प्रदेश में विकास कार्य दिख रहे हैं, जबकि हकीकत तो यह है कि, केवल दो साल से सड़क मरम्मत का इंतजार हो रहा है। विधानसभा अध्यक्ष अनिल कौशिक ने कहा कि, पूर्व में मनरेगा की मजदूरी मजदूरों को समय रहते मिल जाती थी, परंतु अब भाजपा की सरकार इसमें राज्य को भी शामिल कर अपना पल्ला झाड़ रही है। कार्यक्रम का संचालन शिबली मेराज खान एवं आभार प्रदर्शन जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र कौशिक ने किया। इस अवसर पर मोनू अवस्थी, भावेंद्र गंगोत्री, जितेंद्र पाण्डेय, आतमजीत सिंह मक्कड़, मुन्ना श्रीवास, सुरेश ठाकुर, अम्युदय तिवारी, अमित साहू, शैलेंद्र निर्मलकर, बिहारी देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, अजय देवांगन, नट्टू जायसी, रामेश्वरी पुरी गोस्वामी, शेरू असलम, राजवीर हूरा, भागीरथी ध्रुव, राजू ठाकुर, अजय ध्रुव, मिथिलेश यादव, विक्की कश्यप, आकाश वैष्णव, विकास कुर्रे, अनिल बंजारे, कुलदीप पाटले, जाफर मेमन, शैलेष मिश्रा, देवेंद्र, शाहिल, हिमांशु, सिद्धार्थ, राहुल, पवन, विजय सहित अन्य उपस्थित रहे।




### एसडीएम को दिया ज्ञापन

कार्यक्रम के बाद युवा कांग्रेस सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता विधानसभा अध्यक्ष अनिल कौशिक के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। साथ ही धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने, अघोषित विद्युत कटौती बंद करने, ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने, मनरेगा के तहत रोजगार 180 दिनों का करने, बिजली बिल की वृद्धि पर रोक लगाना, जिला सहकारी बैंक तखतपुर में आहरण सीमा 30 हजार से बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर एसडीएम में ज्ञापन दिया।

## विखं स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन




**पेंड्रा।** शासकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय मरवाही के खेल मैदान में 'मेरा युवा भारत' छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन बुधवार 14 जनवरी को हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन 13 और 14 जनवरी को किया गया, जिसमें 18 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

यह आयोजन 'मेरा युवा भारत' छत्तीसगढ़ के उपनिदेशक डॉ दिनेश चंद्र यादव के मार्गदर्शन में विवेक ज्ञानम सेवा समिति रतनपुर, जयगुरुदेव युवा मंडल मरवाही एवं उत्सव युवा मंडल रतनपुर के संयुक्त संयोजन से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कबड्डी बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में पेंड्रा की टीम ने मरवाही को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रस्साकसी बालिका वर्ग में मरवाही की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इसी तरह गोला फेंक व लंबी कूद बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में पेंड्रा और मरवाही के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अधिकांश पदकों पर कब्जा जमाया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रितेश फरमानिया उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, जागृति परिवार पेंड्रा के अध्यक्ष शारदा चरण पसारी, पूर्व एल्डरमैन मदन सोनी एवं जिला औषधि विक्रेता संघ के सचिव श्रीकांत चतुर्वेदी शामिल रहे। मुख्य अतिथि रितेश फरमानिया ने कहा कि, खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का भी सबसे बड़ा शिक्षक है। कार्यक्रम के अंत में 'मेरा युवा भारत' के प्रतिनिधि संजीव कुमार यादव एवं विवेक ज्ञानम सेवा समिति रतनपुर के सचिव ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए शहर के खिलाड़ी तैयार



**सीपत।** छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल गोल्ड कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप में डिफेंस ताइक्वांडो क्लब एक बार फिर अपनी ताकत और मेहनत का लोहा मनवाने के लिए तैयार है। इस प्रतियोगिता में डिफेंस ताइक्वांडो क्लब के लगभग 30 खिलाड़ी भाग लेने वाले हैं, जो कि 30 जनवरी से 1 फरवरी तक बहतराई स्टेडियम, बिलासपुर में आयोजित होने वाली चैंपियनशिप में अपनी कौशल और संघर्ष को प्रस्तुत करेंगे। डिफेंस ताइक्वांडो क्लब के संचालक सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने बताया कि, इस बार चैंपियनशिप के लिए उनकी टीम ने कड़ी मेहनत की है। छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो महासचिव रामपुरी गोस्वामी ने कहा कि, यह क्लब न केवल अपने खिलाड़ियों को उत्कृष्टता के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करता है, बल्कि यह ताइक्वांडो के प्रति एक समर्पण भावना भी विकसित करता है। सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने अपने क्लब के खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ की मेहनत को सराहा।

## परिक्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता पर जेएमपी कॉलेज का कब्जा



**तखतपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विवि द्वारा आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय मस्तूरी में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में 20 महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया। जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर की शतरंज टीम ने अपने सभी मैच जीतकर चैंपियनशिप पर अपना कब्जा किया। महाविद्यालय की ओर से शतरंज प्रतियोगिता में अरगीत, खंडेलवाल वासु, सौरभ गेंदले, सिद्धेश देवांगन, अरुण साहू ने भाग लिया। इनमें से अर्जित खंडेलवाल और वासु का चयन विश्वविद्यालय राज्य स्तरीय खेल के लिए हुआ है।

## लायन हार्ट क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता का समापन



**जरहागांव।** मिनी स्टेडियम कुटेलीपारा में आयोजित लायन हार्ट क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। स्पर्धा में 32 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मैच गब्बर 11 बिलासपुर एवं बोल बम 11 बिलासपुर के मध्य हुआ जिसमें बोल बम 11 की टीम ने एक ओवर शेष रहते इस टूर्नामेंट को अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में रुपाली वेद प्रकाश कश्यप नगर पंचायत अध्यक्ष जरा गांव एवं मनोज कश्यप नगर पंचायत उपाध्यक्ष जरा गांव विशिष्ट अतिथि के रूप में उषा शंकर साहू सभापति सनोज कश्यप पार्षद नगर पंचायत जरहा गांव नोबेल कश्यप जरहागांव पार्षद नगर पंचायत जरहागांव उमेश साहू रघुनंदन कश्यप रमाशंकर कश्यप गजेंद्र जायसवाल राहुल जायसवाल रामदेव कश्यप भोलाराम संजय साहू अविनाश वाद्यकर थे। कार्यक्रम के संचालन में बिट्टू कश्यप ज्ञानेंद्र कश्यप उमेश साहू सनोज कश्यप रामदेव कश्यप एवं समिति के कार्यकर्ताओं का योगदान रहा। पुरस्कार वितरण समारोह के अंत में आभार प्रदर्शन मनोज जायसवाल के द्वारा किया गया।

## किसान मोर्चा शहर जिलाध्यक्ष बनने पर दिनेश का सम्मान



**तखतपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के दिनेश राजपूत को शहर जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर तखतपुर में सम्मानित किया गया।

युवा मोर्चा की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किए जाने पर दिनेश राजपूत ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व और विधायक धर्मजीत सिंह के आशीर्वाद से मुझे यह जवाबदारी मिली है। मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि, पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास रखते हुए यह दायित्व सौंपा है, उसे पूरे मन से निभाउंगा। इस अवसर पर नैन लाल साहू, कोमल सिंह, अश्वनी शर्मा, अंकित अग्रवाल, तिलक देवांगन, सूरज रजक, दिलीप तोलानी, सरजू यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। भाजपा किसान मोर्चा के शहर जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत ने शशी सिंह को बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी।

खबर संक्षेप

## छत से गिरी कक्षा आठवीं की छात्रा, सिम्स में भर्ती



**बिलासपुर।** खेलते समय कक्षा आठवीं की छात्रा घर की छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई है। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सरकण्डा बंधवापारा निवासी संतोष कुमार ने बताया उनकी बेटी पलक कुमारी 16 साल सरकण्डा शासकीय छात्रा स्कूल में कक्षा आठवीं की छात्रा है। मंगलवार की शाम 5 बजे पलक घर के छत में खेल रही थी। खेलते समय वह छत की रैलिंग से नीचे गिर गई। आवाज सुनकर परिजन घर से बाहर निकले तो पलक गंभीर रूप से घायल पड़ी हुई थी। आनन फानन में परिजन के द्वारा बालिका को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

## युवक को चाकू मारने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** बीड़ी पीने के विवाद में एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 6 जनवरी की सुबह कुदूदण्ड गायत्री मंदिर निवासी शेख जुनैफ पिता शेख रज्जाक किराना दुकान से सामान लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान नानू मराठा ने उन पर चाकू से 3 बार हमला कर दिया था। पुलिस ने शेख जुनैफ की रिपोर्ट पर हमलावर नानू मराठा के खिलाफ बीएनएस की धारा 118, 1, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। 14 जनवरी को एएसआई विष्णु साहू ने फरार आरोपी नानू मराठा को गिरफ्तार कर लिया है।

जिला प्रशासन की कार्रवाई

### 3 हजार 150 क्विंटल कम पाई गई धान की मात्रा

# राइस मिल गायत्री फूड प्रोडक्ट सील पौने सात करोड़ का धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उपार्जन केंद्रों से उठाए गए धान की कुल मात्रा से 3 हजार 150 क्विंटल धान कम पाए जाने के कारण केसला के गायत्री फूड प्रोडक्ट के नाम से संचालित राइस मिल सील कर दी गई। प्रशासन द्वारा की गई उक्त कार्रवाई में 22 हजार 148 क्विंटल धान जब्त किया गया है, जिसकी कीमत 6 करोड़ 86 लाख है। कार्रवाई में मिल के वाहनों की भी जब्ती की गई है।

बिल्हा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम केसला में संचालित राइस मिल गायत्री फूड प्रोडक्ट कटस्म मिलिंग के लिए पंजीकृत की गई है। राइस मिलर द्वारा वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 हजार 300 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। खाद्य विभाग की टीम को मिल का भौतिक सत्यापन करने के दौरान मौके पर 22 हजार 148 क्विंटल धान ही उपलब्ध होना पाया गया। इसके विपरीत राइस मिलर द्वारा समिति से उठाव किये गये 3 हजार 152 क्विंटल धान मिल परिसर में उपलब्ध नहीं होना पाया गया। प्रशासन के अनुसार मिल संचालक आयुष अग्रवाल का उपरोक्त कृत्य छत्तीसगढ़ चावल उपार्जन आदेश 2016 का उल्लंघन है। उपरोक्तानुसार अनियमितता पाये जाने एवं धान की री-सायकलिंग की आशंका को ध्यान में रखकर भौतिक रूप से प्राप्त समस्त धान के



स्टॉक 22 हजार 148 क्विंटल को जब्त किया गया है, साथ ही राइस मिल गायत्री फूड प्रोडक्ट को सील कर दिया गया है। जब्त धान की कुल कीमत 6 करोड़ 86 लाख 58 हजार 8 सौ रूपये आंकी गई है। विभाग के अनुसार समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के परिवहन एवं रख-रखाव में अनियमितता बरतने वाले मिलर्स के विरूद्ध फिलहाल इस तरह की जांच अभी लगातार जारी रहेगी।

### दो दिनों में पंद्रह करोड़ का धान जब्त

धान खरीदी या कस्टम मिलिंग में किसी भी प्रकार की अनियमितता को लेकर जिला प्रशासन इस वर्ष सख्त रवैया अपना रहा है। प्रशासन के निर्देशानुसार एक दिन पूर्व ही 13 जनवरी को खाद्य विभाग की टीम के द्वारा कोटा के श्री हरिकिशन फूड्स नामक राईस मिल में छापामार कार्रवाई कर साढ़े सात करोड़ का धान जब्त किया था। इसी तरह लगातार दूसरे दिन ही बुधवार को बिल्हा में छापा।

### की गई है कार्रवाई

केसला के गायत्री फूड्स नामक राइस मिल में बुधवार को छापामार कार्रवाई की गई है। भौतिक सत्यापन के दौरान मिल से धान की 3 हजार 150 क्विंटल मात्रा कम पाई गई। धान के री-साइकलिंग की आशंका पर पौने सात करोड़ का धान जब्त करते हुए मिल को सील कर दिया गया है। अभी राईस मिलों में छापामार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

-अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

सराफा एसोसिएशन का फैसला

# दुकानों में हेलमेट और बुर्का पहनकर प्रवेश पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवापारा-राजिम में हाल ही में हुई लूट की सनसनीखेज वारदात के बाद प्रदेशभर के स्वर्णकारों और सराफा व्यापारियों में भारी आक्रोश और असुरक्षा का माहौल है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश सराफा एसोसिएशन ने एक आपातकालीन हाई-प्रोफाइल बैठक बुलाई।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने की। बैठक में सुरक्षा के मानकों पर गहन चर्चा की गई और सर्वसम्मति से एक बड़ा निर्णय लिया गया। एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि अब प्रदेश की किसी भी सर्राफा दुकान में हेलमेट या बुर्का पहनकर आने वाले व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि सीसीटीवी कैमरों में संदिग्धों की पहचान स्पष्ट हो सके और अपराधियों के हौसले पस्त किए जा सकें। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रमुख पदाधिकारियों कमल सोनी प्रदेश अध्यक्ष, प्रकाश गोलचा बिलासपुर, हर्षवर्धन जैन रायपुर, प्रदीप घोरपोड़े रायपुर, संजय कुमार कनुगा रायपुर, उत्तम चंद भंडारी दुर्ग, पवन अग्रवाल बिलासपुर, राजू दुग्गड़ बस्तर, राजेश सोनी सरगुजा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव साझा किए। प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने व्यापारियों से अपील की है कि वे अपनी दुकानों में आधुनिक सुरक्षा उपकरण लगाएं और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस व एसोसिएशन को दें। उन्होंने सरकार और पुलिस प्रशासन से भी मांग की है कि सर्राफा व्यापारियों को उचित सुरक्षा कवर प्रदान किया जाए और नवापारा लूटकांड के दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो।

# आनलाइन शॉपिंग कंपनियों के कार्यालय में पुलिस का छापा

**बिलासपुर।** पुलिस ने तारबाहर, सिविल लाइन, सरकंडा एवं चकरभाठा थाना क्षेत्रों में स्थित विभिन्न वेयरहाउस, गोदामों की पुलिस ने जांच की, कार्रवाई के दौरान उन वेयरहाउसों की जांच की गई, जहाँ ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियों एवं बड़े रिटेल स्टोर्स के सामान संग्रहित किए जाते हैं। एडीशनल एसपी पकंज कुमार पटेल के नेतृत्व में पुलिस की टीम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान कुछ वेयरहाउसों में चाकू पाए गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में आवश्यक पूछताछ एवं सत्यापन की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के बाद सभी संबंधित वेयरहाउस प्रबंधकों को एसपी कार्यालय में तलब किया गया, जहाँ उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि जिले में ऑनलाइन माध्यम से चाकू एवं अन्य प्रतिबंधित धारदार हथियारों की खरीद-फरोख्त पूर्णतः प्रतिबंधित है।



साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि भविष्य में यदि इस प्रकार की किसी भी अवैधानिक गतिविधि की जानकारी पुलिस के संज्ञान में आती है, तो संबंधित वेयरहाउस, कंपनी के जिम्मेदार प्रबंधकों के विरुद्ध विधि अनुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सील बंद होटल में चोरों का धावा

**बिलासपुर।** नगर निगम के सील बंद ओयो होटल का ताला तोड़कर अंदर रखी कीमती सामग्री चोरी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, नगर निगम शाखा भवन के इंजीनियर जुगल किशोर सिंह पिता स्व. चंद्रभान सिंह ने रिपोर्ट लिखाई। 3 अक्टूबर को 2025 को प्रथम अस्पताल के सामने राजा रोड में गायत्री केडिया पति ओमप्रकाश केडिया के नाम भवन को ओयो होटल का संचालन की शिकायत पर नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर छापा मारा गया था। बहुत सारी खामियां पाए जाने से होटल में उक्त मकान में सीलबंद कर अपने कब्जे में लिया गया था। 5 जनवरी 2026 को निगम वाले को शिकायत मिली उक्त होटल का ताला टूटा हुआ है। आयुक्त के आदेश पर 13 जनवरी को वे निगम कर्मचारियों के साथ उक्त ओयो होटल को चेक करने गए। ताला टूटा था अंदर में लगे 57 नग नल की टोटी, बोस कंपनी का टूलकिट का सेट, बालकनी में लगे दो नग सीसीटीवी कैमरा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।







